आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674

अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 222: मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com | अजमेर, गुरूवार, 02 जुलाई, 2026 | www.Lokvarta.net

# बस-ट्रेलर भिड़े, 8 की मौत, 28 घायल

## किसी ने पत्नी तो किसी ने पति को खोया, आग की लपटों के बीच मची चीख पुकार, हाई लेवल कमेटी करेगी जांच




**दौसा (हुक्मनामा समाचार)।** देश की सबसे आधुनिक और हाई-स्पीड सड़कों में शुमार दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दौसा से गुजरने वाला हिस्सा एक बार फिर भीषण हादसे का गवाह बना। बुधवार तड़के कोलवा थाना क्षेत्र में वीडियो कोच बस और ट्रेलर की टक्कर के बाद लगी भीषण आग ने आठ लोगों की जिंदगी छीन ली, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। इस हादसे ने एक बार फिर एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था और हादसों की रोकथाम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रहे हादसों के चलते अब स्थानीय लोगों के बीच इसे 'मौत का एक्सप्रेसवे' कहा जाने लगा है। तेज रफ्तार, भारी वाहनों की आवाजाही और बार-बार सामने आ रही दुर्घटनाओं ने इस हाईवे को सुरक्षित यात्रा की बजाय खौफ का पर्याय बना दिया है। बुधवार का हादसा भी इसी कड़ी की सबसे दर्दनाक घटनाओं में शामिल हो गया, जिसने आठ परिवारों के चिराग हमेशा के लिए बुझा दिए। लेकिन इतना तय है कि यह दुर्घटना फिर यह सवाल छोड़ गई है कि आखिर आधुनिक एक्सप्रेसवे पर लगातार हो रही जानलेवा दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश कब लगेगा। हर हादसे के बाद जांच और दावे तो होते हैं, लेकिन मौतों का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। यदि समय रहते ठोस और प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह एक्सप्रेसवे लोगों के लिए सुविधा से ज्यादा भय का प्रतीक बनता जाएगा।

दौसा जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के करीब 2:30 से 3 बजे के बीच कोलवा थाना क्षेत्र में धनावड़ रेस्ट एरिया के समीप पिलर संख्या-169 के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ऋषिकेश-हरिद्वार से इंदौर जा रही एक वीडियो कोच बस को ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर एक्सप्रेसवे से नीचे उतर गए और कुछ ही देर में उनमें आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 28 यात्री घायल हो गए। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में सो रहे थे। टक्कर के बाद बस के पिछले हिस्से में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी बस और ट्रेलर को अपनी चपेट में ले लिया। बस में सवार कई यात्रियों ने शीशे और इमरजेंसी गेट तोड़कर किसी तरह अपनी जान बचाई, जबकि अंदर फंसे छह यात्री आग की लपटों में झुलस गए। शव इस कदर जल गए कि उनकी पहचान तक संभव नहीं हो सकी। प्रशासन अब डीएनए जांच एवं अन्य वैज्ञानिक तकनीकों की मदद से मृतकों की पहचान कराएगा। हादसे की सूचना मिलते ही कोलवा, बांदीकुई और सिकंदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस, प्रशासन और स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि अधिकांश यात्री मध्यप्रदेश के निवासी हैं, जो हरिद्वार और ऋषिकेश से दर्शन कर लौट रहे थे।एक साथ बड़ी संख्या में घायलों और मृतकों के पहुंचने पर दौसा जिला अस्पताल में आपातकालीन व्यवस्था लागू की गई। चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को तत्काल अस्पताल बुलाया गया और सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार शुरू कराया गया।

### कलेक्टर ने बनाई जांच टीम

जिला कलेक्टर सौम्या झा ने हादसे की जांच के लिए 8 सदस्यीय टीम बनाई है। टीम को जल्द से जल्द जांच कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश दिए गए हैं।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शोक व्यक्त किया

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने दौसा में दिल्ली - मुंबई एक्सप्रेस पर हुए भीषण सड़क हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घटना की सूचना मिलते ही दौसा सांसद मुरारी लाल मीणा, दौसा विधायक दीनदयाल बैरवा, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा , महुवा विधायक राजेंद्र मीणा, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर अरविंद शर्मा, उपखंड अधिकारी संजू मीणा, तहसीलदार गजानंद मीणा तथा कोतवाली थाना प्रभारी भगवान सहाय शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज देवमाली आएंगे

**ब्यावर, (हुक्मनामा समाचार)।** ब्यावर जिले के मसुदा उपखंड के निकट देवमाली में आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आएंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर कमल राम मीणा, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद अजमेर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीणा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता, मंच निर्माण और बैठक व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### पूर्व विधायक ने चुनाव आयोग-सरकार को भेजा लीगल नोटिस

**हाईकोर्ट ने 31 जुलाई तक चुनाव के दिए थे निर्देश**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश में पंचायत और निकाय चुनाव का मामला एक बार फिर हाईकोर्ट पहुंच सकता हैं। पूर्व विधायक संयम लोढ़ा ने 31 जुलाई तक पंचायत-निकाय चुनाव कराने के अदालती आदेश की पालना में चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार को लीगल नोटिस भेजा है।

नोटिस में कहा गया है कि हाईकोर्ट पंचायत-निकाय चुनाव के लिए स्पष्ट निर्देश दे चुका है। कोर्ट यह भी स्पष्ट रूप से कह चुका कि 20 जून तक परिसीमन व मतदाता सूचियों के संबंध में प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। लेकिन इसके बावजूद आयोग और सरकार ने अभी तक चुनाव कराने की तैयारी नहीं की है। पूर्व विधायक ने बुधवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह, आयोग सचिव राजेश वर्मा, पंचायती राज सचिव जोगाराम व स्थानीय निकाय निदेशक जुइकर प्रतीक चंद्रशेखर को लीगल नोटिस भेजा हैं।

### तमिलनाडु में विजय सरकार गिराने की साजिश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु में एक्टर विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कड़गम के विधायकों को 35 करोड़ रुपए का लालच देकर राज्य सरकार को गिराने की कथित साजिश का दावा किया गया है। राज्य के खुफिया विभाग ने कहा है कि इस योजना को समय रहते नाकाम कर दिया गया।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, साजिश के तहत टीवीके के 15 विधायकों से एक साथ इस्तीफा दिलाकर सरकार को संकट में डालने की तैयारी थी। इसी बीच ऊथंगुरै से ञक्ष्य विधायक डॉ. एन. इलैयाराजा ने आरोप लगाया कि उन्हें स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव में वोट देने के बदले 35 करोड़ रुपए की रिश्वत की पेशकश की गई।

शिकायत के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू की और चेन्नई की एक कंसल्टेंसी फर्म से जुड़े तीन लोगों (तिरुनावुक्करासु, नरेष और त्यागराजन) को गिरफ्तार किया। जांच में उनके छ्रक्ष्य विधायक सेंथिल बालाजी से संबंध होने की जानकारी मिली है।

**35 करोड़ की पेशकश की गई थी: विधायक :** 29 जून को विधायक इलैयाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि थिरुनावुक्करासु नाम के व्यक्ति ने खुद को एक सर्वे एजेंसी का प्रमुख बताकर उनसे फोन पर संपर्क किया।

**29वां राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन : डिजिटल ने शासन को बनाया प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित**

# प्रदेश संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच : भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री ने राजस्थान लैंग्वेज मॉडल ट्रेनिंग हैकाथॉन, स्मार्ट राजस्थान, राजस्थान इनोवेशन चैलेंज और ई-मित्र व्हाट्सएप सेवा का किया शुभारंभ**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तकनीक केवल सुविधा का साधन न होकर सामाजिक समावेशन एवं जनकल्याण का प्रमुख माध्यम बने। डिजिटल शासन का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी नागरिक विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से हर योजना का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाया है। जन-धन, आधार और मोबाइल के जरिये बिचैलियों का दखल खत्म किया और डिजिटल इंडिया जैसी पहल कर तकनीक को आर्थिक विकास का साधन बनाया।

मुख्यमंत्री बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में दो दिवसीय 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि ई-गवर्नेंस को आसान, प्रभावी और किफायती बनाया जाए। इसी क्रम मेंयूपीआई आज लेनदेन का आसान जरिया बन चुका है। शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी, उत्तरदायी और नागरिक-केंद्रित बनाने में एआई, डेटा विश्लेषण, डिजिटल ढांचा और साइबर सुरक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में तकनीक को जनकल्याण का प्रभावी माध्यम बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राजस्थान संपर्क जन-अभियोग निवारण का प्रभावी मंच बन चुका है। इस प्लेटफॉर्म से हर महीने ढाई से तीन लाख शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं राजस्थान संपर्क पर शिकायतों का निवारण करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार ने राजस्थान एआई-एमएल पॉलिसी 2026 लागू की है। इसके जरिए एआई के उपयोग से प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्यों का आधार तैयार हुआ है। वहीं, एवीजीसी एंड एक्सआर पॉलिसी लागू कर एनिमेशन, गेमिंग, विजुअल इफेक्ट्स और डिजिटल तकनीकों में युवाओं के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एआई एवं क्वांटम कम्प्यूटिंग मिशन की भी शुरूआत की है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान देश के अग्रणी स्टार्टअप राज्यों में तेजी से उभर रहा है। पिछले दो वर्षों में यहां स्टार्टअप्स की संख्या 4 हजार से बढ़कर साढ़े आठ हजार से अधिक हो गई है। वहीं, निवेश 250 करोड़ रुपये से बढ़कर एक हजार करोड़ रुपये और रोजगार सृजन का आंकड़ा 22 हजार से बढ़कर 47 हजार से अधिक हो गया है।




### मोदी के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि गवर्नेंस, ई-गवर्नेंस और एआई इन गवर्नेंस से हम सभी को तेज सेवा, ज्यादा सेवा और सबसे बेहतर सेवा जैसी तीन प्रमुख सर्विसेज मिलती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2014 से जेम ट्रिनिटी को शुरू किया गया। आज विश्व में सबसे ज्यादा कैशलेस ट्रांजेक्शन यूपीआई के माध्यम से हमारे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी व्यवस्था बनानी है, जिसमें सरकार आमजन तक उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से पहुंचे। डेटा और एआई की मदद से ये लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। राज्य सरकार पारदर्शिता से आमजन को सशक्त बनाने और त्वरित सेवाओं के लिए प्रदेश में तकनीक को अपनाकर निरंतर बढ़ावा दे रही है।

इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी एस. कृष्णन, सचिव प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत निवेदिता शुक्ला वर्मा, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग रवि कुमार सुरपुर, विभिन्न राज्यों एवं विभागों के उच्चाधिकारी सहित तकनीकी क्षेत्र से जुड़े उद्यमी, विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स प्रोफेशनल्स एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### 30 दिन जेल में रहे तो पीएम-सीएम की कुर्सी जाएगी

**संसदीय समिति प्रावधान हटाने के पक्ष में नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अगर कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री या राज्य मंत्री किसी गंभीर अपराध के मामले में गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहता है, तो उन्हें पद छोड़ना पड़ सकता है। इससे जुड़े बिलों को सरकार मानसून सत्र में दोबारा पेश कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक 130वें संविधान संशोधन बिल पर बनी संसद की संयुक्त संसदीय समिति इससे जुड़े प्रावधानों को हटाने के पक्ष में नहीं है। समिति 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को मंजूरी दे सकती है। गृहमंत्री अमित शाह ने इससे जुड़े 3 बिलों को पिछले मानसून सत्र में संसद के दोनों सदनों में रखा था, जिसके बाद इसे इन्हें जेपीसी को भेजने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया था। CBI-ED ने 2014 के बाद 13 सिटिंग मंत्रियों को गिरफ्तार किया।

### एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक में एसओजी की कार्रवाई

**35 लाख में बिका था सॉल्व पेपर, कोचिंग संचालक समेत दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान की बहुचर्चित उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप को एक और बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। एसओजी ने पेपर लीक सिंडिकेट से जुड़े दो मुख्य किरदारों—एमएडी फाउंडेशन कोचिंग के संचालक और पेपर सप्लायर को दबोच लिया है। इन दोनों ने मिलीभगत कर परीक्षा से पहले ही अभ्यर्थियों को सॉल्व पेपर मुहैया कराया था, जिसके दम पर वे खाकी वर्दी पहनकर सब-इनस्पेक्टर बन बैठे थे। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को 4 जुलाई तक एसओजी की रिमांड पर सौंप दिया है, जहाँ इनसे पैसों के लेन-देन और गिरोह के अन्य नेटवर्क को लेकर कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। इस महा-घोटाले में अब तक कुल 149 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने बताया कि 29 जून को मुख्य आरोपी दिनेश किलका (निवासी प्रेमपुरा, सीकर) को गिरफ्तार किया गया, जो परीक्षा के समय शाहपुरा स्थित एमएडी फाउंडेशन कोचिंग का संचालक था। दिनेश की निशानदेही पर 30 जून को पेपर सप्लाई करने वाले राकेश कुमार (निवासी सीकर) को भी दबोच लिया गया। कोचिंग संचालक दिनेश किलका ने सीकर के राकेश कुमार से 35 लाख रुपए में परीक्षा से पहले ही लीक हुआ सॉल्व पेपर खरीदा था। इसके बाद दिनेश ने इस पेपर को अभ्यर्थी अविनाश पलसानिया को 20 लाख रुपए और परमेश चौधरी को 16 लाख रुपए में बेचकर उन्हें परीक्षा से पहले ही पूरा पेपर रटवाया था।

## जम्मू-कश्मीर में बादल फटा, अरुणाचल में बाढ़

### एमपी-बिहार में बिजली गिरने से 8 की मौत

**भोपाल/जयपुर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर को डोडा में बुधवार सुबह 2 बार बादल फटा। भलेसा के कलालगीसर इलाके में बादल फटने से बाढ़ आ गई। ढेर सारा मलबा पहाड़ी से बहकर सड़क पर आ गया। इससे रास्ते ब्लॉक हो गए। वहीं, अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ और लैंडस्लाइड का कहर है। अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। अंजॉ जिले के सारती गांव में लैंडस्लाइड में एक व्यक्ति की मौत हुई। इधर, मध्य प्रदेश के हरदा-खरगोन में बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि बैतूल में एक ही परिवार के चार लोग झुलस गए। वहीं, चंपा नदी के उफान में बाइक समेत दो युवक बह गए।बिहार में भी बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। यूपी के सोनभद्र में मंगलवार शाम 4 बजे पिकनिक मनाने गए 3 लोग बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गए। एक ही मौत हुई। मानसून ने बुधवार को पंजाब और हरियाणा में एंट्री कर ली। अब दिल्ली और राजस्थान को छोड़ पूरे देश में मानसून पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि जुलाई में देश के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। देश में इस साल जून महीने में 1901 के बाद पांचवीं सबसे कम बारिश दर्ज की गई है।



### पेनल्टी कॉर्नर




### पटेल री पोल

पांचना बांध का विवाद सुलझा, बदलेगी अब हवा
लंबे समय से विवाद बना था, पर लगी इस बार दवा
74 गांव थे परेशान, संकट था यह बहुत बड़ा
राजनेता रोटियां सेक रहे थे, समाज का पीछे खड़ा

...मुखिया जी

### दोहा में मध्यस्थों के जरिए अमेरिका और ईरान में बातचीत



**दोहा (एजेंसी)।** कतर की राजधानी दोहा में बुधवार को अमेरिका और ईरान के बीच कतर और पाकिस्तान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत जारी रही। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक सूत्र के हवाले से बताया कि फिलहाल बातचीत अप्रत्यक्ष तरीके से हो रही है। दोनों देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने नहीं मिल रहे हैं। बैठकें बंद कमरे में हो रही हैं और मध्यस्थ देश दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ा रहे हैं।' सूत्र के मुताबिक, बातचीत का मुख्य मुद्दा 17 जून को इस्लामाबाद में हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को लागू करना है। इसमें ईरान की फ्रीज की गई संपत्तियों और होर्मुज स्ट्रेट की समुद्री सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं।

मंगलवार को कतर ने पुष्टि की थी कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर दोहा पहुंच चुके हैं लेकिन वे ईरानी अधिकारियों से सीधे मुलाकात नहीं करेंगे।

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल सीधे ईरान से बात करने के बजाय मध्यस्थों से मुलाकात करेगा। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में हुए एमओयू को लागू करने की प्रगति पर चर्चा होगी।

# भारत-मलेशिया की रणनीतिक साझेदारी

## रक्षा सहयोग को मिलेगा नया विस्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और मलेशिया ने अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत नई दिल्ली में 1 जुलाई को सैन्य सहयोग पर 12वीं भारत-मलेशिया उप-समिति बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा से जुड़े लगभग सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और भविष्य के सहयोग का खाका तैयार किया। बैठक के दौरान दोनों देशों ने सैन्य सहयोग की अब तक की प्रगति की समीक्षा की। सैन्य अभ्यास, सैनिकों के आदान-प्रदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, स्टाफ वार्ताओं, क्षमता निर्माण और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया। दोनों पक्षों ने माना कि पिछले कुछ वर्षों में रक्षा संबंध लगातार मजबूत हुए हैं और अब इन्हें अगले स्तर तक ले जाने का समय आ गया है। भारत और मलेशिया ने इस बात पर सहमति जताई कि दोनों देशों की सेनाओं के बीच संपर्क और बढ़ाया जाएगा। सैनिकों को एक-दूसरे के प्रशिक्षण संस्थानों में भेजने, पेशेवर अनुभव साझा करने और संयुक्त गतिविधियों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। इससे दोनों देशों की सेनाओं के बीच बेहतर समझ और तालमेल विकसित होगा। बैठक में रक्षा उद्योग और आधुनिक तकनीक पर विशेष जोर दिया गया। दोनों देशों ने रक्षा प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, रक्षा उत्पादन तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार किया। तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल को देखते हुए इन क्षेत्रों को भविष्य की जरूरत बताया गया। क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात पर भी चर्चा हुई।भारत और मलेशिया ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता बनाए रखने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों देशों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के सम्मान और नियम-आधारित व्यवस्था के जरिए ही क्षेत्र में स्थायी शांति सुनिश्चित की जा सकती है। आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को भी महत्वपूर्ण विषय माना गया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद-रोधी प्रयासों में मिलकर काम करने और क्षेत्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि रक्षा सहयोग भारत और मलेशिया की उन्नत रणनीतिक साझेदारी का एक प्रमुख आधार बन चुका है।

दोनों देशों ने स्पष्ट किया कि आपसी विश्वास, साझा हितों और सुरक्षित एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र की समान सोच के आधार पर रक्षा संबंधों को और गहरा किया जाएगा। भारत यात्रा के दौरान मलेशियाई सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पहुंचकर भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# जीवन को खुश बनाना है तो बहुत कुछ परिवर्तन खुद में लाना पड़े : मुनि पुलक सागर

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** दि.ंबराचार्य पुलक सा.र का कहना है की निज को जो बदल देए वो ज. को बदल सकता है और जो खुद को न बदलेए वो क्या खाक बदलेु धवार को न.र मे दि.ंबर जैन समाज की और से आयोजित धर्म सभा मे बोल रहे आचार्य पुलक सा.र जी का कहना है कि आज का मानव दुखी क्यों हैघ् घर.घर में कलह क्यों हैघ् बेटा बाप की नहीं सुनताए पत्नी पति की नहीं सुनतीए शिष्य .ुरु की नहीं सुनता। हर जुबान पर एक ही बात .जमाना खराब हैए कोई किसी की नहीं सुनता। पर रुकोण्ण्ण् जरा सोचो। जमाना कब अच्छा थाघ् राम के यु. में कैकेयी ने दशरथ की नहीं सुनी। महाभारत में दुर्योधन ने भीष्म की नहीं सुनी। जमाना कभी नहीं बदलताए इंसान बदलता है। अपने जीने के ढं. को बदलो हम सुबह उठते ही दुनिया बदलने निकल पड़ते हैं। पड़ोसी को सुधारें.ए सरकार को कोसें.ए बच्चों पर चिल्लाएं.। अरे भैयाए खुद को बदलोए दुनिया को बदलने की मत सोचो समुद्र में तूफान आया है तो तुम लहरों को डांटते रहों.घ् नहीं। नाव को मजबूत करों.ए दिशा बदलों.। जीवन का तूफान बाहर नहींए भीतर है अपने जीने का अंदाज इसी तरह बदलो कि सुबह उठकर धन्यवाद दो . जिनको आंख मिलीए सांस मिली। शिकवे छोड़ोए शुक्राने पर आओ। जो मिला है उसी में खुश रहना सीखो। यही जीने का ढं. है। जिसने अपने मन को जीत लिया उसने ज. जीत लिया द्व0 परसेंट लड़ाई जुबान की घर हो या समाज द्व0: झ.ड़े केवल जीभ की वजह से हैं ताना माराए .लत बोलाए भड़काऊ बोला और महाभारत शुरू जीभ पर संयम रखो तो जीवन में सं.ाम खत्म। तोल कर बोलोए हित.मीत.प्रिय बोलो। और अ.र सामने वाला फिर भी न समझे तोघ् कोई कहना न माने तो खुद को बदल दो। सामने वाले को बदलने का ठेका मत लो। नदी का बहाव नहीं मोड़ सकते तो किनारा बदल लो। रिश्ता बचाना है तो जिद छोड़ोए खुद झुक जाओ किसी से उम्मीद मत रखो कि वो तुम्हें खुश करे.ा। जीवन को खुश बनाना है तो बहुत कुछ परिवर्तन खुद में लाना पड़े.ा जो अपने जीवन का ढं. बदल लेता हैए उसके लिए पूरी दुनिया बदल जाती है। तो आओए आज सेए अभी सेए इसी क्षण से हम अपने जीने का ढं. बदलें। मुनि पुलक सा.र जी के धर्म सभा मे पहुँचने से पूर्व बुधवार को सकल दि.ंबर जैन समाज कि और से



अध्यक्ष अशोक .दिया एवं महामंत्री वी के जैन कि अ.ुवाई मे मंडी चौराहे पर पुरे संघ का भावभीना आत्मीय अभिनंदन किया .या। समाज के प्रवक्ता मनोज सोनी के अनुसार दो दिवसीय प्रवचन श्रखला मे .ुरुवार को भी प्रात: कलशभिषेक शांतिधारा के पश्चात शान्तिनाथ मंदिर प्रां.ण मे आयोजित धर्म सभा मे आचार्य पुलक सा.र जी के मं.ल प्रवचन हों.। वही शाम को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम मे मुनि ने आनंद यात्रा के साथ .ुरुवंदना शंका समाधान आदि कार्यक्रम सम्पन्न कराये।

## एडीएम रतन कुमार ने संभाला नगर परिषद प्रशासक का पदभार, शहरी सेवा शिविर का किया निरीक्षण




**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने नगर परिषद डीडवाना-कुचामन के प्रशासक का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार संभालते ही एडीएम एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने तुरंत 'शहरी सेवा शिविर अभियान-2026' के तहत वार्ड संख्या 21 और 22 के लिए आयोजित किए जा रहे शिविर का औचक निरीक्षण किया। शिविर में एडीएम रतन कुमार ने आमजन की समस्याओं को सुना और मौके पर ही लाभार्थियों को पट्टों व प्रमाण-पत्रों का वितरण किया। अभियान के तहत कृषि भूमि के 06 पट्टे, धारा 69-क का 01 पट्टा, 04 नामान्तरण (म्यूटेशन) और 01 भू-उपयोग परिवर्तन प्रमाण-पत्र सहित कई अन्य आवश्यक दस्तावेज आमजन को सौंपे गए।निरीक्षण के दौरान प्रशासक व एडीएम ने शिविर में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को खिड़की दर खिड़की भटकना न पड़े। कैंप में आने वाले हर पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए और सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।इस दौरान नगर परिषद आयुक्त भगवान सिंह, अधिशाषी अभियंता दलीप सिंह, विजय कुमार टाक, रामगोपाल तुनवाल, किशोर कुमार और सुरेश स्वामी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।नगर परिषद प्रशासन ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने-अपने वार्डों में आयोजित होने वाले इन शहरी सेवा शिविरों में पहुंचकर पट्टा बनवाने, नामान्तरण व अन्य सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## सहकार सप्ताह में मना कृषक सम्मान दिवस

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के गठन को पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक सम्पूर्ण भारत में सहकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कडी में 1 जुलाई को बारां केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., बारां के सभागार में जिला कलक्टर बालमुकुन्द असावा की अध्यक्षता में कृषक सम्मान दिवस के रूप में सहकार सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर द्वारा जिले की 7 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के अध्यक्षगणों, 9 प्रगतिशील किसानों तथा 9 ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बारां केन्द्रीय सहकारी बैंक प्रबन्ध निदेशक सौमित्र कुमार मंगल, सहकारी समितियां, बारां उप रजिस्ट्रार एवं विशेष लेखा परीक्षक रामचरण गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी राजेन्द्र कुमार चौहला एवं अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी ललित कुमार मीना, बारां केन्द्रीय सहकारी बैंक सहित सहकार भवन में कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** सदर बाजार स्थित समोशरण भवन, आदिनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में विगत 24 जून से आयोजित ग्रीष्मकालीन श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का धार्मिक और उत्साहपूर्ण माहौल में सफल समापन हुआ। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण के साथ आचार्य विद्यासागर महाराज का दीक्षा दिवस मनाकर और उनकी भव्य महाआरती कर की गई। इसके बाद सभी शिविरार्थियों को पुरस्कार, शील्ड और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। शिविर के दौरान बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को देव-पूजा, शास्त्र अध्ययन, जैन सिद्धांत, संस्कार शिक्षा, भजन-पूजन प्रशिक्षण और नैतिक जीवन से जुड़े विषयों का ज्ञान दिया गया। आमंत्रित विद्वान क्षेत्रीय शिविर प्रभारी पं. अभिषेक जैन शास्त्री यश और संकेत जैन शास्त्री ने अपने प्रेरणादायक प्रवचनों से बच्चों में धर्म और भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता पैदा की।

### जिला कलक्टर बाज कुंवालिया में करेंगे रात्रि चौपाल

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला कलक्टर की अध्यक्षता में पंचायत समिति गंगरार की ग्राम पंचायत कुंवालिया में 2 जुलाई (गुरूवार) को रात्रि चौपाल आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक ने बताया कि रात्रि चौपाल में जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। ग्रामीण जन अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सीधे जिला कलक्टर के समक्ष रख सकेंगे।

## धरियावद में वन विभाग की कार्रवाई को लेकर तीसरे दिन भी चला धरना, प्रशासन की समझाइश पर समाप्त



**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** नगर में वन विभाग की कार्रवाई को लेकर विधायक थावर चंद्र डामोर के नेतृत्व में चल रहा धरना तीसरे दिन प्रशासन की समझाइश के बाद समाप्त हो गया। धरने के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश बरोड़ भी मोके पर रहे। विधायक थावर चंद्र डामोर ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आमजन को न्याय दिलाया जाना चाहिए तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की पारदर्शी जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों जिसमे टीम बनाई गईं उप खण्ड अधिकारी प्रतापगढ़ धरियावद अतिरिक्त चार्ज अश्विन मालू धरियावद नायब तहसीलदार रजनीश व्यास धरियावद थाना अधिकारी हजारी लाल मीणा एवं वन विभाग के अधिकारी प्रतापगढ़ सहित द्वारा निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिए जाने और सकारात्मक पहल के बाद विधायक एवं धरने पर बैठे लोगों ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गंगापुर नगरपालिका क्षेत्र में आज पांच घंटे बिजली कटौती, 11 केवी लाइन मरम्मत कार्य के चलते आपूर्ति रहेगी बाधित

**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में गुरुवार, 2 जुलाई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 केवी विद्युत लाइन पर मरम्मत एवं जंपर जोड़ने के कार्य के चलते सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। सहायक अभियंता बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि निर्धारित रखरखाव कार्य के कारण इस अवधि में संबंधित क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में दाता मगरी, शिवरति गेट, बाई सा महारानी, कुंड चौक, रैगर मोहल्ला, पंचतीर्थ बालाजी, तेजाजी कॉलोनी, ईला जी का चौक, कसारा बाजार, सुंडा का खेड़ा सहित आसपास के कई इलाके शामिल हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें तथा बिजली संबंधी उपकरणों का उपयोग सावधानीपूर्वक करें। विभाग ने बताया कि मरम्मत कार्य समय पर पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी जाएगी।

## शिक्षकों के वित्तीय सहयोग से मल्लाबासनी स्कूल में खुली स्मार्ट क्लास, मुख्य अतिथि ठाकुर भेरू सिंह ने किया उद्घाटन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और सरकारी स्कूलों को आधुनिक बनाने की दिशा में निकटवर्ती ग्राम मल्लाबासनी में एक अनूठी मिसाल पेश की गई है। यहाँ के सरकारी विद्यालय में शिक्षकों के आर्थिक सौजन्य और जनसहयोग से तैयार की गई आधुनिक %स्मार्ट क्लास का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि ठाकुर भेरू सिंह राठौड़ ने फीता काटकर किया।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ठाकुर भेरू सिंह राठौड़ ने शिक्षकों की इस अनूठी पहल की सराहना की और कहा कि आज के दौर में ग्रामीण बच्चों के लिए डिजिटल शिक्षा बेहद जरूरी है। संस्थाप्रधान चान्दमल शर्मा ने बताया कि शिक्षकों ने अपनी जेब से वित्तीय योगदान देकर इस स्मार्ट क्लास को तैयार करवाया है। अब विद्यालय के बच्चे दृश्यात्मक और आधुनिक डिजिटल तरीकों से पढ़ाई कर सकेंगे, जिससे उनका बौद्धिक विकास तेजी से होगा।कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय स्टाफ की नीतु कुमारी, दलीप शर्मा, डॉ. गणेश सैनी, ममता डूडी, प्रमिला चौधरी, पिता राम, अरबाज खान, मो. तालीम और तुलसी तेतरवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर और राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सत्तार खत्री, युनुस खान, अलिम, जमिल मिस्त्री, अजरूद्दीन और अयुब खान उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने शिक्षकों के इस सेवा भाव की जमकर तारीफ की। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राएं, ग्रामीण और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक भारी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम की रिपोर्ट मीडिया प्रभारी डॉ. गणेश सैनी द्वारा जारी की गई।



## एक नजर

### लायंस क्लब केकड़ी द्वारा डॉक्टर्स और सीए डे पर सम्मान समारोह आयोजित, प्रतिभाओं को नवाजा



**केकड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब केकड़ी द्वारा नेशनल डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (ष्ट) डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने नगर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें माल्यार्पण और सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। चार्टर्ड अकाउंटेंट सम्मान समारोह में क्लब अध्यक्ष लायन दिनेश स्वरूप मेवाड़ा और प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सतीश मालू ने देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सीए की भूमिका को सराहा। इस दौरान सीए एन.के. सिंघल, खुशबू अग्रवाल, दीपक गोयल सहित 10 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का अभिनंदन किया गया। वहीं, राजकीय जिला चिकित्सालय में आयोजित डॉक्टर्स डे समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (ष्टरू॥ह्र) डॉ. राजेंद्र मौर्य सहित 25 से अधिक चिकित्सकों को उनकी समर्पित मानवीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन दिनेश चंद्र गर्ग ने चिकित्सकों को समाज का प्रेरणास्रोत बताया। डॉ. मौर्य ने क्लब के इस सेवाभावी प्रयास की सराहना की। इस गरिमामय कार्यक्रम में सचिव लायन विकास माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष आशाराम जांगिड़, डॉ. सीमा चौधरी सहित क्लब के कई सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### पीएम जनमन योजना से सहरिया परिवारों को मिलेगी अपनी छत, 1.12 हेक्टेयर जमीन आवंटित

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत जिले में सहरिया परिवारों को आवासीय सुरक्षा देने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत मांगरोल पंचायत समिति की दो ग्राम पंचायतों—जारेला और ईश्वरपुरा में कुल 1.12 हेक्टेयर बंजर भूमि सहरिया परिवारों के आवास के लिए निशुल्क आवंटित की गई है। योजना के तहत केवल आवासहीन और पात्र सहरिया परिवारों को ही नियमनुसार प्रति परिवार एक पट्टा जारी किया जाएगा। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में हुई बैठक में 182 भूमिहीन परिवारों के पुनर्वास की कार्ययोजना स्वीकृत की गई। इसके तहत भावगढ़ में 50 और मऊ पंचायत में 54 सहरिया परिवारों के लिए कॉलोनी विकसित की जाएगी। इसके अलावा झाड़वा, हिंगोनिया और चन्द्राहेड़ी में भी आबादी विस्तार के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। कलक्टर ने कहा कि यह अभियान सहरिया भाई-बहनों को मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प है।

### अब बेफिक्र हुआ पशुपालक- मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से तोलीराम की दुधारू भैंस को मिला सुरक्षा कवच

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर-2026 (सेवा भी, समाधान भी) आमजन तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ त्वरित और पारदर्शी तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इन्हीं शिविरों के माध्यम से ग्राम पंचायत सांगरिया के पशुपालक तोलीराम को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का लाभ मिला, जिससे उनकी दुधारू भैंस का बीमा तत्काल किया गया। तोलीराम की आजीविका मुख्य रूप से पशुपालन पर आधारित है। उनकी दुधारू भैंस परिवार की आय का प्रमुख स्रोत है। लंबे समय से उन्हें इस बात की चिंता रहती थी कि यदि किसी बीमारी, दुर्घटना अथवा अन्य अप्रत्याशित कारण से पशु की मृत्यु हो जाए तो परिवार पर आर्थिक संकट आ सकता है। योजना की जानकारी और बीमा प्रक्रिया की जानकारी के अभाव में वे अब तक अपनी भैंस का बीमा नहीं करा सके थे। ग्राम पंचायत सांगरिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान उन्हें मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी मिली। उन्होंने मौके पर ही आवेदन प्रस्तुत किया। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने आवेदन का त्वरित निस्तारण करते हुए उनकी दुधारू भैंस की बीमा पॉलिसी हाथों-हाथ जारी कर दी।

### देवखेड़ा में बच्चे के हाथ में मोबाइल ब्लास्ट, झुलसा बालक; शाहपुरा अस्पताल में उपचार जारी

**शाहपुरा (हुक्मनामा समाचार)।** शाहपुरा क्षेत्र के देवखेड़ा गांव में एक बच्चे के साथ मोबाइल से जुड़ा एक हादसा सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बच्चे के पास कंपनी का मोबाइल था, जो उसकी पैंट की जेब में रखा हुआ था। सामाजिक कार्यकर्ता बसंत वैष्णव ने बताया कि बच्चे को अचानक जेब में तेज गर्माहट महसूस हुई। जैसे ही उसने मोबाइल को जेब से बाहर निकालने का प्रयास किया, उसी दौरान मोबाइल में कथित रूप से ब्लास्ट हो गया। हादसे में बच्चे का हाथ झुलस गया, जबकि जांघ के पास भी जलने की चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद परिजन बच्चे को उपचार के लिए शाहपुरा सेटेलाइट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि फिलहाल बच्चे की हालत स्थिर है। सामाजिक कार्यकर्ता बसंत वैष्णव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि चिकित्सक बच्चे की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

**एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
SRG HOUSING FINANCE LIMITED
CIN: L65922RJ1999PLC015440
321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान)
दूरभाष : 0294-2412609, ईमेल: info@srghousing.com, वेबसाइट: www.srghousing.com

**परिशिष्ट - 4 {नियम 8 (1)} सांकेतिक की सूचना (स्थावर संपत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरी, जो एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अंतर्गत निम्न ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता को एक मांगपत्र जिसमें उल्लेखित रकम, जो उक्त सूचना पत्र की प्राप्ति की तारीख से 60 दिवस के भीतर प्रतिदाय करने के लिए ''मांग पत्र'' जारी किया था। ऋणी/सहऋणी/जमानतियों/बन्धककर्ता द्वारा रकम का प्रतिदाय करने में असफल रहने पर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता, उनके जमानतदारों एवं जनसाधारण को यहाँ सूचना दी जाती है की अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम धारा 13(4) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002, के नियम 8 के अंतर्गत निम्न संपत्तियों का सांकेतिक कब्ज़ा उल्लेखित दिनांक को ले लिया है। ऋणी सहऋणी, बन्धककर्ता व जमानतदारो को विशिष्ट रूप से एवं जनसाधारण को सामान्य रूप से इसके द्वारा सावधान किया जाता है की वह नीचे वर्णित संपत्तियों के सम्बन्ध में कोई व्यवहार नही करे। इन संपत्तियों के सबंध में किया गया कोई भी व्यवहार नीचे सांकेतिक कब्ज़ा पत्र में वर्णित रकम, और सांकेतिक कब्ज़ा पत्र की दिनांक से आगे के ब्याज, खर्चो, अन्य खर्चो आदि के लिए एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड 321, एस.एम. लोढ़ा कॉम्प्लेक्स, शास्त्री सर्किल के पास, उदयपुर - 313001 (राजस्थान) के प्रभार के अधीन होगा। अधोहस्ताक्षरी उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के अंतर्गत सुरक्षित (सिक्योर्ड) प्रतिभूति के उन्मोचन के लिए उपलब्ध समय के प्रावधानों की ओर ऋणी, सहऋणी, बन्धककर्ता व उनके जमानतदारो का ध्यान आकृष्ट करता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या/ ऋणी/ सहऋणी/ जमानती | 1) मांग पत्र की दिनांक 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार | स्थावर संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR00000000019849 श्री सावर माल ढ़ोली पुत्र श्री भेरू लाल ढ़ोली (ऋणी) श्रीमती तारा देवी पत्नी श्री सावर माल ढ़ोली (सह- ऋणी) | 1) मांग पत्र की दिनांक- दिसम्बर 17, 2025 2) सांकेतिक कब्जे की दिनांक- जून 26, 2026 3) मांग राशि मांग पत्र अनुसार- ₹ 13,37,880/- रुपये तेरह लाख सैंतीस हज़ार आठ सौ अस्सी मात्र दिनांक दिसम्बर 16, 2025 तक एवं दिसम्बर 17, 2025 से आगे के ब्याज, खर्चे अतिरिक्त। | श्री सावर माल ढ़ोली पुत्र श्री भेरू लाल ढ़ोली की सम्पति पट्टा सं.-38, बुक सं.-2472, संकल्प सं.-02, ग्राम-भाभाना, ग्राम पंचायत-भाभाना, तहसील-मंडल, जिला- भीलवाड़ा (राजस्थान) पर स्थित है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी संपत्ति के अभिन्न अंग है जिसका माप लगभग 2650.00 वर्ग फीट है। जिसकी चतुसीमा निम्न है- पूर्व-सड़क, पश्चिम-कान सिंह पुत्र श्री फतेह सिंह, उत्तर-आम रास्ता, दक्षिण-स्वयं का कब्ज़ा |

स्थान-राजस्थान
प्रकाशन की दिनांक- 02/07/2026
अधिकृत अधिकारी
एसआरजी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, प्रधान संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, समाचार संपादक (अजमेर) राजेद्र गुप्ता जयपुर कार्यालय- जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

जयपुर • जोधपुर • अजमेर से प्रकाशित

राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

सच्ची खबर, सच्चा असर




## हुक्मनामा समाचार से जुड़ने के लिए

## आज ही संपर्क करें

**0141:2220403**

**8824399949** | **9828011251**

**Website:** www.hukmnamasamachar.com

अपने क्षेत्र की खबरें, विज्ञापन, समाचार और जनसमस्याओं को **हुक्मनामा समाचार** के माध्यम से जनता तक पहुँचाएं

निम्न जिलो के आसपास के इलाकें से जुड़ने के लिए

**आज ही संपर्क करें**

## नागौर • डीडवाना-कुचामन • झालावाड़
## बारां • सलूम्बर • प्रतापगढ़ • डूंगरपुर
## बांसवाड़ा • कोटा • बूंदी • उदयपुर
## चित्तौड़गढ़ • भीलवाड़ा

### खारी नदी बजरी खनन : अनशनकारियों की तड़प देख पसीजा रामचंद्र चौधरी का दिल, कहा-

# जनता की इस लड़ाई में, मैं उनके साथ खड़ा हूँ

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** खारी नदी क्षेत्र में चल रहे बेलगाम बजरी खनन के विरोध में पिछले 10 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों के समर्थन में अजमेर डेयरी अध्यक्ष एवं 2024 लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्री रामचंद्र चौधरी खुलकर मैदान में आ गए हैं।

अनशनकारियों की बिगड़ती हालत और प्रशासन की अनदेखी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए उन्होंने इसे जनता के साथ खुला अन्याय बताया है। मेरे अपनों की पीड़ा बर्दाश्त नहीं 5 ग्रामीणों के अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने और तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल रेफर किए जाने की घटना ने श्री चौधरी को झकझोर दिया है। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, चिलचिलाती धूप में भूखे-प्यासे बैठे मेरे किसान भाइयों और युवाओं की पीड़ा मेरी अपनी पीड़ा है। पुलिस थाना बिजयनगर, तहसीलदार और माइनिंग विभाग ब्यावर की मिलीभगत से यह साफ हो गया है कि यह व्यवस्था अंधेर नगरी, चौपट राजा बन चुकी है। आज



प्रशासन का रवैया उसी कहावत को सच कर रहा है कि जब बाड़ ही खेत को खाने लगे, तो खेत की रक्षा कौन करे क्या है ग्रामीणों का दर्द श्री चौधरी ने स्थिति की गंभीरता बताते हुए कहा कि यह खनन पूरे इलाके को तबाह कर रहा है- सूखते कुएं और बंजर धरती- खारी नदी का सीना चीरने से पूरे क्षेत्र का जलस्तर पाताल में जा रहा है, जिससे किसानों की उपजाऊ जमीनें बंजर हो रही हैं। बीमारियां और दुर्घटनाएं- गांवों के बीच से दिन-रात गुजरने वाले ओवरलोड डंपरों की उड़ती धूल से बुजुर्ग और बच्चे दमा जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन को सीधी चेतावनी अजमेर डेयरी अध्यक्ष ने प्रशासन को सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि जनभावनाओं के सब्र का और इम्तिहान न लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया, मैं मांग करता हूँ कि जनहित में खारी नदी की बजरी खनन लीज को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और अनशनकारियों की जान बचाई जाए। प्रशासन तुरंत अपनी कुंभकर्णी नींद त्यागे, वरना मुझे अपनी जनता के हकों के लिए उनके साथ सड़कों पर उतरकर एक बड़ा जन-आंदोलन खड़ा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## सफलता की कहानी-6 आवासीय पट्टों एवं जन्म विवाह प्रमाण पत्र दिए गए

राजस्थान सरकार एवं नगरीय विकास एवं आवासन स्वायत्त शासन विभाग द्वारा निर्देशों की पालना में शहरी सेवा शिविर 2026 का नगरपालिका सावर कार्यालय में प्रारम्भ किया गया। नगरपालिका सावर द्वारा शिविर स्थल पर आयोजित शिविर में 2 आवासीय पट्टा, 8 जन्म, 1 विवाह प्रमाण पत्रों का निस्तारण कर आवेदकों को लाभ प्रदान किया एवं आवेदकों द्वारा राज्य सरकार, मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी श्री मनोज कुमार मीणा को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेवा भावना,आर्थिक स्थित को देखते हुए मरीज के रोग का उपचार करना की डाक्टर का धर्म : रत्ना ठारानी

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** राष्ट्रीय डाक्टर्स डे के अवसर पर श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ,जन सेवा समिति,अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट और पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के तत्वावधान में आशा गंज स्थित मायानी अस्पताल में डाक्टरो को सम्मनित किया गया।सम्मानित होने वाली वयोवृद्ध चिकित्सक मुख्य चिकित्सा अधिकारी और निदेशक डा.रत्ना ठारानी ने अपने विचार व्यक्त करते सेवा भावना,आर्थिक स्थित को देखते हुए मरीज के रोग का उपचार व जांचे करवाना ही सेवा भावी डाक्टर का धर्म है।कार्यक्रम के संयोजक व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि सृष्टि चलाने वाला परमात्मा एक है और डाक्टर चिकित्सक भी उसकी संतान है।सब मिलकर उसको नमन करते है।वह सर्वशक्ति मान हे डाक्टरो को भी यह पता नही चलता हे कि प्राणी के प्राण निकलते समय कहा सं चले गये।इस अवसर पर फिजिशियन डा.सुरेश यादव ने वर्तमान में लोगो द्वारा चिकित्सको पर अनर्गल आरोप लगाने से चिकित्सको के व्यवहार को भी उसी अनुरूप करने की बात कही।

## सफलता की कहानी-3 पट्टा वितरण कर राहत दिलाई

जन योजना अभियान ग्रामीण सेवा शिविर के अन्तर्गत राजस्थान सरकार द्वारा भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र, ग्राम पंचायत, कटसूरा, अराई में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रार्थी श्रीमती सुशीला देवी, शिवरतन, श्रीमती न्याला देवी, रामेश्वर, श्रीमती गीता देवी, रिद्धकरण ने शिविर प्रभारी को बताया हैं कि अपने मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया था। प्रार्थी ने बताया कि सभी के पास पट्टे उपलब्ध नहीं थे। जिस पर मकान के ऋण लेने एवं भारी समस्या का सामना करना पड़ा था। प्रार्थी के पास भू-स्वामित्व सम्बन्धि दस्तावेज नहीं थे। प्रार्थी को जन योजना अभियान ग्रामीण सेवा शिविर कैम्प में पट्टे वितरण करवाकर राहत प्रदान की गई। जिससे प्रार्थी ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, शिविर प्रभारी एवं पंचायतीराज विभाग की टीम को धन्यवाद प्रदान किया।

## ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर आज भी मिलेगी जन-जन को राहत

**अजमेर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं स्थानीय स्तर पर समाधान और विभिन्न लोक-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान करने के लिए गुरूवार 2 जुलाई को भी ग्रामीण एवं शहरी शिविरों के माध्यम से राहत प्रदान की जाएगी। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने बताया कि अभियान के तहत 15 जुलाई तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार से शुक्रवार तक ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गुरूवार 2 जुलाई को उपखण्ड क्षेत्र अजमेर की तबीजी एवं रसूलपुरा, अराई की लाम्बा, भिनाय की पडांगा, केकड़ी की मोलकिया, नसीराबाद की देराठू, रूपनगढ़ की करकेड़ी, सरवाड़ की कासीर, सावर की आलोली, पीसांगन की कालेसरा ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आना सागर-वरुण सागर डी-सिल्टिंग मामले में कोर्ट सख्त, मुख्य शासन सचिव सहित 12 पक्षकारों को नोटिस

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** आना सागर एवं वरुण सागर झील में डी-सिल्टिंग कार्य में कथित अनियमितताओं तथा वेटलैंड भूमि के सीमा निर्धारण की मांग को लेकर दायर जन प्रतिनिधित्व प्रकरण में सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नगर उत्तर, अजमेर की न्यायाधीश आशिका जैन की अदालत ने राजस्थान सरकार के मुख्य शासन सचिव सहित 12 उत्तरदायी पक्षकारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। मामले की अगली सुनवाई 16 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है। यह जन प्रतिनिधित्व प्रकरण अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. राजकुमार जयपाल तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैयद फखरे मोइन की ओर से पूर्व लोक अभियोजक विवेक पाराशर, एडवोकेट द्वारा प्रस्तुत किया गया। याचिका में आना सागर एवं वरुण सागर झील में चल रहे डी-सिल्टिंग कार्य को तत्काल रोकने तथा दोनों झीलों की वेटलैंड भूमि का विधिवत सीमा निर्धारण कराने की मांग की गई है। अदालत ने जिन पक्षकारों को नोटिस जारी किए हैं, उनमें राजस्थान सरकार के मुख्य शासन सचिव, शासन सचिव स्वायत्त शासन विभाग, शासन सचिव पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सचिव जल संसाधन विभाग, जिला कलेक्टर अजमेर, आयुक्त एवं सचिव अजमेर विकास प्राधिकरण, आयुक्त नगर निगम अजमेर, क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग, अधिशाषी अभियंता नगर निगम अजमेर तथा संबंधित निर्माण कंपनी शामिल हैं। पूर्व लोक अभियोजक विवेक पाराशर ने कहा कि अब जबकि मामला न्यायालय के विचाराधीन है और संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी हो चुके हैं, ऐसे में न्यायालय की गरिमा बनाए रखने के लिए डी-सिल्टिंग कार्य तत्काल प्रभाव से रोक दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रक्रिया के दौरान कार्य जारी रखना विधिक एवं नैतिक दृष्टि से उचित नहीं होगा। डॉ. राजकुमार जयपाल, विवेक पाराशर एवं सैयद फखरे मोइन ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया कि लगभग 78.80 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित डी-सिल्टिंग कार्य बिना समुचित वैज्ञानिक अध्ययन एवं स्थायी जल संरक्षण योजना के किया जा रहा है।

## सफलता की कहानी-1 रामलाल बलाई को मिला अपने आशियाने का मालिकाना हक

राज्य की संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए चलाई जा रही जनकल्याणकारी और फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए ग्रामीण सेवा शिविर 2026 मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इसी कड़ी में अजमेर की पंचायत समिति सावर की ग्राम पंचायत गोरधा में आयोजित विशेष शिविर ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत लेकर आया, जहाँ सालों की चिंता पल भर में दूर हो गई। शिविर के दौरान ग्राम गोरधा निवासी प्रार्थी श्री रामलाल (पुत्र श्री दुर्गालाल बलाई) अपनी समस्या लेकर पहुँचे। उन्होंने बताया कि वे अपने आशियाने का पट्टा प्राप्त करने के लिए काफी लंबे समय से दफ्तरों के चक्कर काट रहे थे और बेहद परेशान हो रहे थे। पट्टा न होने के कारण न तो उनके पास मकान का कोई कानूनी दस्तावेज था और इसके चलते परिवार में भी लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। ग्राम पंचायत गोरधा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में जब यह मामला सामने आया, तो प्रशासन ने तुरंत मुस्तैदी दिखाई। शिविर प्रभारी एवं कार्यवाहक उपखण्ड अधिकारी (सावर) श्री भगवती प्रसाद वैष्णव ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही करवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं मौके पर ही पूर्ण करवाईं। प्रशासनिक टीम के त्वरित प्रयासों से रामलाल बलाई को शिविर स्थल पर ही उनके घर का वैध पट्टा तैयार कर मुख्य अतिथि और अधिकारियों द्वारा हाथोंहाथ सुपुर्द किया गया। जैसे ही रामलाल को पट्टा प्राप्त हुआ, उन्हें खुशी हुई बहुत। रामलाल बलाई ने बताया कि पट्टा प्राप्त होने से आज उन्हें अपने खुद के घर का असली मालिकाना हक मिल गया है।

## सुंदरकांड की चौपाइयों से गूंजा लायंस भवन प्रांतपाल रामकिशोर गर्ग का हुआ सम्मान

**अजमेर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-2 की प्रांतीय टीम एवं लायन्स क्लब अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में वैशालीनगर स्थित लायंस भवन में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि प्रांतीय नारा आओ खुशियां बांटें के तहत आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में सुधींद्रनाथ आचार्य एंड पार्टी भजन मंडली द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ प्रस्तुत किया गया। पूरे वातावरण में भक्ति रस की सरिता बहती रही और उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम एवं हनुमानजी के जयकारों के साथ आयोजन का आनंद लिया। महिलाओं ने भजनो पर नृत्य किया। कार्यक्रम के दौरान लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रांत 3233 ई-2 के प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग के सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रांत ने सेवा, संगठन विस्तार एवं सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले कथित बयान की निष्पक्ष जांच एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष एडवोकेट जुनैद पठान ने कहा कि पश्चिम बंगाल की अधिवक्ता एवं भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की पदाधिकारी नाज़िया इलाही द्वारा हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के संबंध में कथित रूप से दिए गए आपत्तिजनक बयान से देशभर के मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। ऐसे संवेदनशील मामलों में निष्पक्ष एवं विधिसम्मत कार्रवाई लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक है। एडवोकेट जुनैद पठान ने बताया कि इस संबंध में भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला कलेक्टर, अजमेर के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन में संबंधित मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर प्रचलित कानूनों के अनुसार कठोर एवं उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, कानून के शासन तथा सभी धर्मों के सम्मान की पक्षधर है। किसी भी धर्म, महापुरुष अथवा धार्मिक आस्था के विरुद्ध की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी समाज में वैमनस्य फैलाने का कार्य करती है, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। एडवोकेट जुनैद पठान ने प्रशासन एवं केंद्र सरकार से आग्रह किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि देश में सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारा एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने अंत में सभी नागरिकों से शांति, संयम एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि अजमेर की गंगा-जमुनी तहज़ीब, एकता और भाईचारा हमारी सबसे बड़ी पहचान है, जिसे हर हाल में कायम रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसमें जुनैद पठान के साथ , शहर जिलाध्यक्ष डॉ राजकुमार जयपाल , फकरे मोईन , शैलेंद्र अग्रवाल , नोरत गुर्जर , आरिफ हुसैन , अनीस सुलेमानी , अकबर हुसैन , तौफ़ीक़ पठान , अख्तर कुरैशी , शैख़ बादशाह , इलयास ख़ान , शब्बीर पठान , बाबर ख़ान , यूनुस शेख , साहिल हुसैन , रफ़ीक़ ख़ान , सलमान ख़ान , शाहरुख ख़ान , अज़हर ख़ान , अकरम ख़ान , मनीष हुसैन , नवीन जोसफ , रियाज कुरैशी , इक़बाल घोसी , रुस्तम घोसी , मोहसिन ख़ान व कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1786 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती मंजू देवी पत्नी श्री शांतिलाल | नाडी मौहल्ला, बिजयनगर खसरा नम्बर-412 ब्लॉक नम्बर-115 | 87.09 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**
Tel No.: 01462-258665, 257509 Email : npbeawar@gmail.com
क्रमांक/69A/2026-27/3857 दिनांक : 01.07.2026
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ज्योति पत्नी श्री विनोद निवासी 148, जटिया कॉलोनी, ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद की सीमा में स्थित जयादाद म्यु नं. 04/367, नया म्यु. नं. 13 (पश्चिमी भाग), आबादी मौहल्ला उड़ान चौक, ब्यावर मे आबादी में क्षेत्रफल 10.25 वर्गमीटर का मिश्रित पट्टा लेने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया हैं।
अतः उपरोक्त को मिश्रित पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1761 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री हीरालाल छीपा पुत्र श्री बालूराम छीपा | बजरंग कॉलोनी बिजयनगर ब्लॉक नम्बर 92ए | 1407 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/185173 DATE-22-05-2026 रजि बेचान-नामा
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/3828 दिनांक-30.06.2026
श्री बजरंग लोहार पुत्र श्री हरिराम लोहार निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 1/महर्षि नगर खसरा नं. 22 प्लाट नं. 134 क्षेत्रफल 150.00 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती दामोदारी डांगी पुत्र श्री नारायण सिंह डांगी के नाम पटटा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 21.04.2010, 08.08.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगर परिषद के पट्टा पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नियमन/2026-27/272 दिनांक : 30.06.2026
**लोक सूचना**
निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | ग्राम | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्टेयर में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री आसूसिंह पुत्र सैसूसिंह हिस्सा-17/855 जाति रावत निवासी गाफा पानियालादो तह. ब्यावर खातेदार 2. उदयसिंह पुत्र कूंपसिंह हिस्सा- 23/570 जाति-रावत सा. कोटकिराना तहसील रायपुर जिला पाली खातेदार 3. कालू पुत्र घीसा हिस्सा 1/45 जाति-हिन्दू निवासी मेवाडी गेट ब्यावर खातेदार 4. कालूसिंह पुत्र मोतीसिंह हिस्सा-16/855 जाति-राजपूत निवासी उदयपुर रोड, चुंगीनाका बालाजी मंदिर के पीछे ब्यावर, खातेदार 5. किशनसिंह पुत्र विक्रमसिंह हिस्सा 7/342 जाति रावत, निवासी खोडमाल तह. ब्यावर खातेदार 6. किशनसिंह पुत्र गाजीसिंह हिस्सा-1/45 जाति रावत सा. कलालिया तह. रायपुर, जिला पाली खातेदार 7. जीवनसिंह पुत्र जसवन्तसिंह हिस्सा 14/855 जाति-राजपूत निवासी नेगडिया पोस्ट बराखन वाया बड़ाखेड़ा तहसील ब्यावर खातेदार 8. डूंगाराम पुत्र गिरधारीराम हिस्सा- 4/171 जाति-कुम्हार निवासी रातड़िया तह. रायपुर जिला पाली खातेदार 9. नौरतसिंह पुत्र मेवासिंह हिस्सा 4/171 जाति-रावत निवासी रातडिया तह. रायपुर जिला पाली खातेदार 10. पूनमसिंह पुत्र उदयसिंह हिस्सा 1/45 जाति-रावत निवासी रूपनगर, अरनाली खातेदार 11. पुष्करसिंह पुत्र मेवासिंह, हिस्सा-43/1710 जाति रावत निवासी सेलपुरा तह. रायपुर जिला पाली खातेदार 12. पांचूसिंह पुत्र लालसिंह हिस्सा-14/171 जाति-रावत निवासी तारागढ़ दांदोला खातेदार 13. ममता पत्नी रविप्रकाश हिस्सा 53/1710 जाति-जैन निवासी नयाबास, ब्यावर खातेदार 14. रेखा पत्नी गोपालसिंह हिस्सा-1/45 जाति-रावत निवासी खोडमाल तह. ब्यावर खातेदार 15. रतनसिंह पुत्र ज्ञानसिंह हिस्सा-79/1710 जाति-रावत नि.आडीकांकर गोदाजी का गांव तह. भीम खातेदार 16. लीलादेवी पत्नी संग्रामसिंह हिस्सा-1/45 जाति-रावत निवासी खोडमाल तह. ब्यावर खातेदार 17. संजय पुत्र थानमल हिस्सा-127/855 जाति-जैन सा. लोकाशाहनगर खातेदार 18. सन्तोषसिंह पुत्र पूनमसिंह हिस्सा 23/855 जाति-राजपूत सा. कालिन्जर खातेदार | नून्द्री मालदेव | 920 | 0.6920 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 ए (8) के अन्तर्गत सुओमोटो कार्यवाही अन्तर्गत और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन एवं भू राजस्व पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो, वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 30.06.2026 को जारी की गई।
प्राधिकारी अधिकारी-नगर परिषद, ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**
Tel No.: 01462-258665, 257509 Email : npbeawar@gmail.com
क्रमांक/69A/2026-27/3890 दिनांक : 01.07.2026
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनीष कुमार मेहता पुत्र श्री प्रकाशचंद मेहता जैन, श्री प्रणीत तातेड़ पुत्र श्री प्रीतम सिंह जैन निवासी ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद की सीमा में स्थित जयादाद म्यु. नं. 6/5, मकान नं. 45 चांग चितार रोड, दामोदरदास राठी मार्ग ब्यावर मे आबादी में क्षेत्रफल 115.23 वर्गमीटर का वाणिजियक पट्टा लेने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया हैं।
अतः उपरोक्त को वाणिज्यिक पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1777 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री कैलाश चन्द पुत्र श्री रामकृष्णा दाधीच | गुर्जर मौहल्ला बिजयनगर ब्लॉक नम्बर 57/10 | 58.27 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/185402 DATE-25-05-2026 रजि बख्शीश-नामा
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/2544 दिनांक-02.06.2026
श्रीमती मंजू लता कुमावत पत्नी श्री धर्मेंद्र कुमार निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5/बोहरा कॉलोनी खसरा नं. 335 व 349 से 351 प्लाट नं. 27 क्षेत्रफल 183.33 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री दीपचन्द कुमावत पुत्र श्री गोगराज कुमावत के नाम पटटा विलेख जारी है। वसीयत-नामा दिनांक 25.03.2018, रजि बख्शीश-नामा दिनांक 12.05.2026 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज तीन दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/22040 DATE-03-06-2026 रजि बेचान-नामा
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/3646 दिनांक-25.06.2026
श्रीमती हर्षा सोनी पत्नी श्री पीयूष सोनी निवासी जैतारण ने क्षेत्र नं. 1/आदर्श नगर वूल प्रेस कॉलोनी प्लाट नं. 112 का पश्चिमी भाग क्षेत्रफल 201.25 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्रीमती अनुपमा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार भाटी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 07.05.2026 व स्वंय घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
LSG/BEAWAR/MUT/2026-27/186501 DATE-03-06-2026 रजि बेचान-नामा
**सार्वजनिक सूचना**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2026-27/3647 दिनांक-25.06.2026
श्रीमती कीर्ति सोनी पत्नी श्री हेमेन्त सोनी निवासी जैतारण ने क्षेत्र नं. 1/आदर्श नगर वूल प्रेस कॉलोनी प्लाट नं. 112 का पूर्वी भाग क्षेत्रफल 207.08 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्रीमती अनुपमा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार भाटी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 07.05.2026 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है।
अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/1790 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | दिनेश कुमार पुत्र वासुदेव वाधवानी | रेलवे लाई रोड राजनगर बिजयनगर आबादी भूखण्ड | 65.95 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1798 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामचन्द्र पुत्र श्री घीसूलाल माली | मुनीम कॉलोनी बरल रोड बिजयनगर प्लॉट नम्बर-30 का पश्चिमी हिस्सा | 69.67 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1811 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती सीमा शर्मा पत्नी श्री मुकेश शर्मा | महावीर कॉलोनी प्राज्ञ स्कूल के पीछे, बिजयनगर | 188.12 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**
Tel No.: 01462-258665, 257509 Email : npbeawar@gmail.com
क्रमांक/69A/2026-27/3885 दिनांक : 01.07.2026
**आम सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रतन देवी पत्नी श्री मुंकुद शरण दाधीच, श्री विजय दाधीच पुत्र श्री मुंकुद शरण दाधीच, श्रीमती जयंती दाधीच पत्नी श्री संजीव दाधीच, श्रीमती प्रीति ककरा पत्नी श्री राधा रमन ककरा निवासी ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद की सीमा में स्थित खसरा नं. 1565, म्यु नं. 12, 13, उत्तरी भाग बी विनोदीलाल गली ब्यावर में स्थित आबादी भूमि ब्यावर क्षेत्रफल 115.58 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा लेने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया हैं।
अतः उपरोक्त को आवासीय पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**
गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com
क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1781 दिनांक : 30.06.2026
**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अतः इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती जानकी मंघानी पत्नी स्व. श्री जयप्रकाश | दरोगा बस्ती तारों का खेड़ा, बिजयनगर, प्लॉट नम्बर-08 का पूर्वी-उत्तरी हिस्सा | 75.55 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर

## सम्पादकीय...

### बांग्लादेश की बदलती सोच से नई सुरक्षा चुनौती



1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय में भारत की निर्णायक भूमिका रही थी। दोनों देशों ने दशकों तक सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे, सीमा प्रबंधन और सांस्कृतिक संबंधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया। किंतु पिछले कुछ समय से बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति, उसकी सैन्य सोच और विदेश नीति में दिखाई दे रहे बदलावों ने नई चिंताओं को जन्म दिया है। विशेष रूप से बांग्लादेशी सेना में धार्मिक प्रतीकों और इस्लामी पहचान को अधिक प्रमुखता देने की खबरों ने भारत सहित पूरे क्षेत्र का ध्यान आकर्षित किया है। हाल के घटनाक्रमों के अनुसार बांग्लादेशी सेना की कुछ नई बटालियनों का नाम इस्लामी इतिहास के शुरुआती खलीफाओं के नाम पर रखा गया है और सेना के पारंपरिक राष्ट्रवादी नारों के स्थान पर धार्मिक नारों को महत्व दिए जाने की चर्चा भी सामने आई है। यदि यह प्रवृत्ति आगे बढ़ती है तो यह केवल सैन्य परंपरा का परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि बांग्लादेश की बदलती वैचारिक दिशा का संकेत भी माना जाएगा। किसी भी सेना का चरित्र केवल उसके हथियारों से नहीं, बल्कि उसके मूल्यों, प्रतीकों और प्रशिक्षण से भी निर्धारित होता है।शेख हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश की राजनीति में इस्लामी संगठनों और धार्मिक समूहों का प्रभाव बढ़ने की चर्चा लगातार हो रही है। लंबे समय तक अवामी लीग ने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रवाद और 'जय बांग्ला' की भावना को राष्ट्रीय पहचान का आधार बनाया था। अब यदि सेना के भीतर धार्मिक पहचान को अधिक महत्व दिया जा रहा है तो यह उस वैचारिक परिवर्तन का हिस्सा माना जा सकता है जो देश की राजनीति और समाज में भी दिखाई दे रहा है। यदि इस्लामी संगठनों का प्रभाव बढ़ता है तो सेना सहित अन्य संस्थाओं पर भी उसका प्रभाव दिखाई देना स्वाभाविक माना जाता है। दूसरा कारण क्षेत्रीय शक्ति संतुलन है। बांग्लादेश आज चीन और पाकिस्तान के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। रक्षा उपकरणों की खरीद, सैन्य प्रशिक्षण और संयुक्त अभ्यास इसी रणनीति का हिस्सा माने जाते हैं। इससे वह अपने रक्षा विकल्पों को व्यापक बनाना चाहता है ताकि किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता न रहे। तीसरा कारण भारत के साथ कुछ पुराने और नए विवाद भी हैं। सीमा पर अवैध घुसपैठ, सीमा सुरक्षा, जल बंटवारा, व्यापारिक असंतुलन तथा राजनीतिक बयानबाजी जैसे मुद्दों ने समय-समय पर दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित किया है।

**वैभव लोढ़ा...**

### इतिहास में आज

1862- कलकत्ता उच्च न्यायालय का उद्घाटन हुआ।
1916- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की स्थापना हुई।
1940- ब्रिटिश सरकार ने सुभाषचन्द्र बोस को विद्रोह भड़काने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।
2004- भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने जकार्ता में आपसी बातचीत की।

-धर्म चंद मेहता

### क्रॉस फायर

- सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के आदेश पर लगाई रोक, अमेरिका में जन्मे बच्चों की नागरिकता बरकरार रहेगी।
◆कोर्ट को भी मालूम पड़ गया राष्ट्रपति जी का खीसका हुआ है।
- पाकिस्तान के मंत्री बोले हमारे हिस्से का पानी रोकने वाले हाथों को काट देंगे।
◆खिसियानी बिल्ली खम्मा नोचे।
- कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर मंतर पर 11वें दिन भी प्रदर्शन जारी।
◆ना छात्र थकेंगे ओर न सरकार घबराएगी।
- सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद विवाद, 20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल पर सरकार ने दी सफाई।
◆सरकार ने गाड़ियां खराब करने का ठेका ले लिया है।।
- सुप्रीम कोर्ट का आसाराम को जमानत देने से इनकार।
◆बाहर आगे क्या भजन करेंगे जेल में भजन करो।
- बंगाल में पेट्रोकेमिकल्स की पाइपलाइन में आग से 17 लोग झुलसे।
◆खुद ध्यान रखो आपके जमीन के नीचे आग का दरिया तो नहीं।
- मुख्यमंत्री भजनलाल बोले राजस्थान की भविष्य की नींव है यमुना जल समझौता।
◆जुलाई से अक्टूबर तक पानी मिलेगा, बाकी भजन करो।
- जयपुर में पंचना बंध विवाद पर दोनों पक्षों के किसान प्रतिनिधियों के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई।
◆कोई मानने को तैयार ही नहीं है।

.............अंजू लोढ़ा

### आज का राशिफल

**गुरुवार 02 जुलाई, 2026**


**मेष राशि:** आपकी कामयाबी में वृद्धि होगी। कुछ नए संपर्क स्थापित होंगे और आप कुछ प्रभावशाली लोगों से भी मिलेंगे। आज का दिन परिवार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।


**वृषभ राशि:** वित्तीय स्थिति में सुधार होगा लेकिन सावधानी से सोचने के बाद ही नई संपत्ति में निवेश करें। सतर्क रहें, हर किसी की बातों में आना बंद करें। अपनों के द्वारा धोखा मिलने से मन दुखी होगा।


**मिथुन राशि:** आज आप असीम दौलत के मालिक बन सकते हैं। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। परिवार के कार्यों में व्यय वृद्धि होगी। आज आपको कई वित्तीय फायदे हो सकते हैं।


**कर्क राशि:** किसी भी प्रकार के व्यापारिक निर्णय जिसमें आर्थिक जोखिम शामिल हो, उसके लिए समय उपयुक्त नहीं है। आप की मेहनत और सही मार्गदर्शन मिलने से सफल होंगे।


**सिंह राशि:** आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है, अतः अत्यधिक सावधानी बरतें। किसी के बहकावे में न आएं। लंबित कार्य पूरे होंगे। स्वर्ण आभूषणों की प्राप्ति संभव है।


**कन्या राशि:** आपकी वित्तीय स्थिति में भी सुधार होगा और ऋण पर दिए गए पैसे भी आप जल्द ही वसूल कर पाएंगे। सही समय पर सही निर्णय लेना आप के हित में रहेगा।


**तुला राशि:** आप लाभ प्राप्त करने में सक्षम होंगे। कारोबार विस्तार के लिए बैंक से कर्ज लेना पड़ सकता है। आकस्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। गुम हुई वस्तु प्राप्त हो सकती है।


**वृश्चिक राशि:** आपके काम सफ़ल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। माता-पिता द्वारा आप के किए कार्यों की अवहेलना होगी। कोर्ट व कचहरी में प्रतिकूलता मिलेगी।


**धनु राशि:** आज का दिन शुभ है। नौकरीपेशा जातकों को तरक्की मिलेगी। कुछ के वांछित स्थानांतरण भी हो सकता है। व्यवसायिक लाभ बढ़ेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।


**मकर राशि:** वित्तीय व्यवहार और निवेश के साथ अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नहीं है, कमाई घट सकती है और धन अवरुद्ध हो सकता है। आजीविका के नए संसाधन स्थापित होंगे।


**कुम्भ राशि:** आर्थिक रूप से आप ठीक रहेंगे। आप के इष्टबल को मजबूत करें। मेहनत करें दूसरों पर विश्वास न करें। शत्रु बुरी तरह परास्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।


**मीन राशि:** प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी की भावनाओं को पूर्ण रूप से महसूस कर पाएंगे। नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने पड़ सकते हैं।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# दिल्ली : वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती



ललित गर्ग

राजधानी दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या



की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा। दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है। वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है। ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा। समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं

# आस्था की चौखट पर असुरक्षा



-प्रियंका सौरभ

भारत की सांस्कृतिक पहचान केवल उसके इतिहास, भाषाओं और परंपराओं से नहीं बनती, बल्कि उन आस्था-स्थलों से भी निर्मित होती है जिन्होंने सदियों से समाज को नैतिकता, सहअस्तित्व और सामुदायिक एकता का संदेश दिया है। मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थान नहीं हैं; वे विश्वास, संस्कृति, लोकजीवन और सामाजिक सहभागिता के जीवंत केंद्र हैं। यहां लोग केवल ईश्वर के दर्शन करने नहीं आते, बल्कि अपने सुख-दुख साझा करने, मन की शांति पाने और जीवन के संघर्षों में आशा का संबल प्राप्त करने आते हैं। यही कारण है कि जब किसी मंदिर में चोरी होती है, तो उसका प्रभाव केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। यह करोड़ों लोगों की आस्था, सामाजिक विश्वास और सांस्कृतिक चेतना पर सीधा आघात होता है।बीते कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से मंदिरों में दानपेटियां तोड़ने, नकदी चुराने, बहुमूल्य आभूषण गायब करने, प्राचीन मूर्तियों की तस्करी करने और धार्मिक सामग्री की चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। कई मामलों में अपराधियों ने आधुनिक तकनीक का उपयोग किया, जबकि कई घटनाओं में अंदरूनी मिलीभगत की आशंका भी सामने आई। यह स्थिति केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि समाज के नैतिक मूल्यों और धार्मिक संस्थाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कहीं न कहीं गंभीर कमी रह गई है। जिस स्थान को लोग सबसे सुरक्षित और पवित्र मानते हैं, यदि वही अपराधियों के लिए आसान लक्ष्य बनने लगे, तो यह पूरे समाज के लिए चिंता का विषय है। मंदिरों में चोरी को सामान्य संपत्ति-अपराध की श्रेणी में रखकर उसकी गंभीरता को कम नहीं आंका जा सकता। किसी दुकान, मकान या कार्यालय में चोरी आर्थिक क्षति पहुंचाती है, लेकिन मंदिर में चोरी विश्वास की जड़ों को भी कमजोर करती है। श्रद्धालु अपनी कमाई का एक हिस्सा ईश्वर के प्रति कृतज्ञता, सेवा और समाजहित की भावना से दान करते हैं। वे यह विश्वास रखते हैं कि उनका अर्पण धर्मार्थ कार्यों, सामाजिक सेवा और मंदिर व्यवस्था में उपयोग होगा। जब वही धन चोरी हो जाता है, तो केवल दानपेटी खाली नहीं होती, बल्कि श्रद्धालु के मन में भी संदेह और पीड़ा जन्म लेती है। यही कारण है कि मंदिरों में चोरी की घटनाएं समाज में सामान्य अपराधों की तुलना में कहीं अधिक भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करती हैं। ऐसी घटनाओं के पीछे कई कारण हैं। सबसे बड़ा कारण नकद दान की परंपरा है। आज भी देश के अधिकांश मंदिरों में बड़ी मात्रा में नकद चढ़ावा आता है। अनेक छोटे और मध्यम मंदिरों में दान की गणना, सुरक्षित भंडारण और बैंक में जमा करने की वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं होती। कई बार दानपेटियां लंबे समय तक नहीं खोली जातीं, जिससे उनमें बड़ी मात्रा में नकदी जमा हो जाती है। यह स्थिति अपराधियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन जाती है। जहां सुरक्षा व्यवस्था कमजोर हो और बड़ी मात्रा में नकद धन उपलब्ध हो, वहां अपराध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। दूसरा महत्वपूर्ण कारण सुरक्षा व्यवस्था की अपर्याप्तता है। महानगरों के कुछ प्रसिद्ध मंदिरों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश धार्मिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे, आधुनिक अलार्म सिस्टम, रात्रि सुरक्षा, प्रशिक्षित सुरक्षा कर्मी और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं या तो उपलब्ध नहीं हैं या केवल औपचारिक रूप से स्थापित हैं। कई कैमरे खराब पड़े रहते हैं, रिकॉर्डिंग का बैकअप सुरक्षित नहीं होता और नियमित निगरानी भी नहीं की जाती। अपराधी इन कमियों का अध्ययन कर योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम देते हैं। प्रबंधन संबंधी कमजोरियां भी ऐसी घटनाओं को बढ़ावा देती हैं।

अनेक मंदिरों का संचालन पारंपरिक ढंग से होता है, जहां वित्तीय जवाबदेही और प्रशासनिक पारदर्शिता के स्पष्ट मानक नहीं बने हैं। दान की गणना, लेखा-जोखा, व्यय और भंडारण की प्रक्रिया कई बार व्यवस्थित नहीं होती। जहां जवाबदेही कमजोर होती है, वहां गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में चोरी बाहरी अपराधियों द्वारा नहीं, बल्कि अंदरूनी मिलीभगत से भी की जाती है। यह स्थिति अधिक चिंताजनक इसलिए है क्योंकि इससे संस्था के भीतर का विश्वास भी टूटता है। सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियां भी इस समस्या से जुड़ी हुई हैं। बेरोजगारी, नशे की लत, कर्ज का बोझ, त्वरित धन कमाने की मानसिकता और नैतिक मूल्यों का ह्रास कुछ लोगों को अपराध की ओर धकेलता है। हालांकि इन कारणों के आधार पर किसी भी अपराध का औचित्य सिद्ध नहीं किया जा सकता। मंदिरों में चोरी केवल आर्थिक मजबूरी का परिणाम नहीं होती; अनेक मामलों में यह संगठित अपराध, मूर्ति तस्करी और पेशेवर गिरोहों की सुनियोजित गतिविधि होती है। विशेष रूप से प्राचीन मूर्तियों और दुर्लभ धार्मिक कलाकृतियों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवैध मांग भी ऐसे अपराधों को बढ़ावा देती है। मंदिर में चोरी का सबसे गहरा प्रभाव श्रद्धालुओं की भावनाओं पर पड़ता है। जब कोई व्यक्ति अपने परिवार की खुशहाली, बच्चों के भविष्य, स्वास्थ्य या किसी मनोकामना की पूर्ति के लिए श्रद्धापूर्वक दान करता है, तो वह केवल धन नहीं देता, बल्कि अपना विश्वास भी समर्पित करता है। यदि वही विश्वास असुरक्षित महसूस करने लगे तो समाज में धार्मिक संस्थाओं के प्रति संदेह बढ़ने लगता है। कई लोग दान देने से हिचकने लगते हैं, मंदिर समितियों पर प्रश्न उठने लगते हैं और स्थानीय स्तर पर आरोप-प्रत्यारोप का वातावरण बन जाता है। इस प्रकार एक चोरी केवल धन का नुकसान नहीं करती, बल्कि सामाजिक सौहार्द और सामुदायिक एकता को भी प्रभावित करती है। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को केवल धार्मिक विषय मानना भी पर्याप्त नहीं है। यह सार्वजनिक नीति, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रश्न है। जिस प्रकार बैंक, संग्रहालय, विद्यालय और सार्वजनिक संस्थानों के लिए सुरक्षा के मानक निर्धारित होते हैं, उसी प्रकार मंदिरों के लिए भी न्यूनतम सुरक्षा मानक तय किए जाने चाहिए।

## यूपी चुनाव में राम मंदिर चढ़ावा चोरी की धमाकेदार एंट्री



बाल मुकुन्द ओझा

देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव जैसे जैसे नजदीक आते जा रहे है वैसे वैसे नये नये चुनावी मुद्दों की धमाकेदार एंट्री होती जा रही है। इनमें सबसे ताज़ा अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी का है। इसे लेकर यूपी की सियासत बेहद आक्रामक हो गई है। राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला अब उत्तर प्रदेश की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने इसे भाजपा से जोड़ा है तो कांग्रेस ने आर एस एस पर निशाना साधा है। राम मंदिर में गबन का मुद्दा सबसे पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाया था. ऐसे में कांग्रेस भी इस मुद्दे के जरिए बीजेपी को लगातार घेरने में जुटी है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कहना है एस आई टी जाँच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्सा नहीं जायेगा। बहरहाल यह किसी से छिपा नहीं है कि राम मंदिर में योजनाबद्ध ढंग से चढ़ावा चोरी हो रही थी। ट्रस्ट को कुछ माह पूर्व चोरी का पता चल गया था मगर कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के सचिव चम्पत राय से पुलिस ने पूछताछ की उसमें कई बातों का खुलासा हुआ। आठ कर्मचारियों की धरपकड़ कर जेल भेजा गया है मगर विपक्ष इससे संतुष्ट नहीं है। विपक्ष राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग कर रहा है। हालाँकि यह तो जाँच से ही पता चलेगा कि असली दोषी कौन है मगर राम मंदिर की सीढ़ी पर सत्ता सुख भोगने वाली भाजपा के समक्ष चढ़ावा चोरी का यह मामला गले की फ़ांस बन गया है। आमजन भी दुखी है और असली चोरों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग कर रहा है। चढ़ावा चोरी से देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंची है, बल्कि 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा सियासी तूफान भी खड़ा कर दिया है। साथ ही अब यह तय है की राम मंदिर चढ़ावा चोरी यूपी चुनाव का एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। इसके साथ ही अफवाहों ने भी आग में घी का काम किया है। तरह तरह की चोरी के आरोप लग रहे है। जो चीजे चोरी नहीं हुई, उन्हें भी गायब बताया जा रहा है। कहा जाता यूपी की सियासत में 'दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर गुजरता है', यह केवल कहावत ही नहीं है अपितु भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी हकीकत है। प. जवाहर लाल नेहरू से लेकर नरेंद्र मोदी तक, इतिहास गवाह है कि जिसने यूपी जीता, उसने हिंदुस्तान जीत लिया । यह भी कहा जाता है, जिसने उत्तर प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन किया उसके दिल्ली पहुंचने के रास्ते आसान हो जाते हैं। इसीलिए भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी चुनावी रणनीति को धार देना शुरु कर दिया है। विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने अपनी सत्ता बचाने और भाजपा की हैट्रिक लगाने की चुनौती है, तो वहीं समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव पीडीए के फॉर्मूले के दम पर सत्ता में वापसी की हर संभव कोशिश में जुटे हैं। यूपी की जनता ही तय करती है की देश की हवा किस ओर बहती है। यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से जोड़-तोड़ और कयासों का दौर शुरू हो चुका है। इसी के मधे नज़र गठजोड़ बनने बिगड़ने शुरू हो गए है। बात बात पर नेताओं ने चुनाव में देख लेने की धमकिया देनी शुरू कर दी है। यूपी में साढ़े नौ साल से भाजपा सत्तारूढ़ है और योगी आदित्यनाथ के पास सत्ता की कमान है। भाजपा तीसरे टर्म के लिए जी तोड़ कोशिश में लगी है।

## पीओके में बढ़ता जनाक्रोश पाकिस्तान की नीतियों पर उठते सवाल सीमा खोलने की मांग और पानी के संकट से गहराता असंतोष



कांतिलाल मांडोत

पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में पिछले कुछ समय से हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। महंगाई बेरोजगारी बिजली संकट खाद्यान्न की कमी और प्रशासनिक उपेक्षा जैसे मुद्दों ने आम लोगों का जीवन कठिन बना दिया है। इन समस्याओं के कारण जनता का गुस्सा अब खुलकर सड़कों पर दिखाई देने लगा है। हाल के दिनों में रावलकोट सहित कई क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन और रैलियां हुई हैं जिनमें लोगों ने पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। कई स्थानों पर यह भी कहा गया कि कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं माना जा सकता और लोगों को अपने भविष्य का फैसला स्वयं करने का अधिकार मिलना चाहिए। इन घटनाओं ने यह संकेत दिया है कि पीओके में असंतोष केवल आर्थिक मुद्दों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अब राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप भी लेता जा रहा है। पीओके के लोगों का सबसे बड़ा दर्द लगातार बढ़ती महंगाई है। रोजमर्रा की जरूरत का सामान आम लोगों की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। आटा दाल तेल सब्जियां और अन्य आवश्यक वस्तुओं के दाम तेजी से बढ़े हैं। बिजली की भारी कमी के कारण लंबे समय तक कटौती होती है जबकि इसी क्षेत्र से बड़ी मात्रा में जलविद्युत उत्पादन भी होता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनके संसाधनों का लाभ दूसरे क्षेत्रों को मिलता है लेकिन उन्हें स्वयं मूलभूत सुविधाएं भी पर्याप्त नहीं मिलतीं। बेरोजगारी की स्थिति गंभीर है और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं। सड़कें संचार और अन्य बुनियादी सुविधाएं भी कई इलाकों में कमजोर हैं जिससे लोगों में उपेक्षा की भावना बढ़ती जा रही है। इन समस्याओं के विरोध में लंबे समय से चल रहे आंदोलन ने अब बड़ा स्वरूप ले लिया है। रावलकोट के दिगाह मैदान में आयोजित विशाल रैली में हजारों लोग शामिल हुए। रैली के दौरान पाकिस्तान सरकार और सेना की नीतियों की खुलकर आलोचना की गई। मंच से यह कहा गया कि यदि लोगों की आवाज को दबाने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति रोकने का प्रयास जारी रहा तो स्थानीय लोग भारत की ओर जाने वाली सीमाएं खोलने की मांग कर सकते हैं। आंदोलन से जुड़े नेता अमन खान ने कहा कि यदि जनता को भोजन और जरूरी सुविधाओं से वंचित किया गया तो लोगों के पास दूसरे विकल्प तलाशने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। रैली में यह नारा भी लगाया गया कि कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। इस बयान ने पूरे क्षेत्र में नई राजनीतिक चर्चा को जन्म दिया है। सीमा खोलने की मांग को लेकर हो रही चर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यह केवल राजनीतिक नारा नहीं बल्कि जनता की बढ़ती निराशा का प्रतीक माना जा रहा है। आंदोलन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे अपने हितों की रक्षा के लिए नए रास्तों पर विचार करेंगे। हालांकि इस प्रकार के बयानों का भविष्य क्या होगा यह कहना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन इतना स्पष्ट है कि पीओके में लोगों के धैर्य की परीक्षा अब लंबे समय तक नहीं चल सकती। दूसरी ओर पाकिस्तान सरकार पर आरोप लग रहे हैं कि वह जनता की शिकायतों का समाधान करने के बजाय विरोध की आवाज को दबाने में लगी हुई है। आंदोलन से जुड़े कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। कुछ पर आतंकवाद निरोधी कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

## ग्रामीण शहरी सेवा शिविरों का निरीक्षण प्रभारी सचिव ने दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों के जिला प्रभारी सचिव एम.एल. चौहान ने नगर पालिका सागवाड़ा, ग्राम पंचायत पादरा और पारडा मेहता में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति राज्य व केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे और आमजन की समस्याओं का समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण किया जाए। निरीक्षण के दौरान सागवाड़ा शहरी शिविर में विभिन्न प्रकरणों का त्वरित समाधान करते हुए 9 लाभार्थियों को भूमि पट्टे, 10 को भवन निर्माण स्वीकृति, 7 को पीएम स्वनिधि सहायता राशि, 7 जन्म और 3 विवाह प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सीईओ हनुमान सिंह राठौड़ सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## युवक ने वीडियो बनाकर लगाया फंदा, ससुराल पक्ष पर गहने व नकदी हड़पने का आरोप

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के भीमगंज थाना क्षेत्र के आदर्श विहार इलाके में बुधवार सुबह 25 वर्षीय युवक शंकर प्रजापत ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल के आईसीयू (ढ्ढष्ट) में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी की जंग लड़ रहा है। कदम उठाने से पहले शंकर ने एक भावुक वीडियो बनाकर अपने भाई और दोस्तों को भेजा, जिसमें उसने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के मुताबिक, शंकर अपने ससुराल वालों से लंबे समय से परेशान था। आरोप है कि मकान खरीदने के नाम पर ससुराल पक्ष ने उससे 5 तोला सोना, 1 किलो चांदी और 50 हजार रुपये नकद ले लिए थे, जो मांगने पर भी वापस नहीं लौटाए जा रहे थे। इस कारण वह भारी मानसिक तनाव में था। वीडियो में शंकर ने अपने भाई से माफी मांगते हुए बच्चे का ख्याल रखने की बात कही और बताया कि वह पहले भी दो-तीन बार ऐसा प्रयास कर चुका है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक के होश में आने का इंतजार है।

## 20 साल पुराना जमीन बंटवारा विवाद मिनटों में सुलझा ग्रामीण सेवा शिविर में मिला त्वरित न्याय

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की बरसों पुरानी समस्याओं के समाधान का जरिया बन रहे हैं। ऐसा ही एक मामला ग्राम पंचायत भरक के शिविर में सामने आया, जहां करीब 20 वर्षों से लंबित भूमि बंटवारे का मामला मौके पर ही निपटा दिया गया। शिविर के दौरान खातेदार श्रीमती फूल कंवर और मांगीलाल गाड़री ने अपनी 0.96 हेक्टेयर भूमि के स्वैच्छिक बंटवारे के लिए आवेदन किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शिविर प्रभारी ने तुरंत पटवारी और भू-अभिलेख निरीक्षक को मौके पर भेजा। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से बंटवारे का प्रस्ताव तत्काल तैयार किया गया, जिसे तहसीलदार सहाड़ा ने मौके पर ही अपनी स्वीकृति दे दी।बरसों पुरानी राजस्व जटिलताओं से एक ही दिन में मुक्ति मिलने पर लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जिला प्रशासन का आभार जताया। इस दौरान उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर, तहसीलदार वीरेंद्र सिंह और विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह सहित कई अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पेंचक सिलाट में उदयपुर का दमदार प्रदर्शन, 16 पदक जीतकर बढ़ाया राजस्थान का मान



**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महाराष्ट्र के नासिक में 25 से 28 जून 2026 तक आयोजित 14वीं राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैम्पियनशिप में उदयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की झोली में 16 पदक डाले। टीम ने 3 स्वर्ण, 5 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्वर्ण पदक रुद्रांशवर्धन सिंह, यशविका अनेजा और युगाश कलासुवा ने जीते, जबकि धानी सांवरिया, अबीर जोशी, आरवीका जैन, हर्षि कुमावत और लेखांश कावड़िया ने रजत पदक हासिल किए। कांस्य पदक उत्कर्ष पटेल, सिद्धार्थ सिंह, जेसीका लखारी, हार्वी कुमावत, ग्यानवी नायक, सिद्धेश्वरी सिंह चौहान, शनाया जैन और लक्ष्मी डांगी के नाम रहे। उदयपुर पेंचक सिलाट एसोसिएशन के मुख्य सचिव हरीश कुमार सांवरिया ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के करीब 2,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि पेंचक सिलाट को भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है तथा खिलाड़ियों को खेल आरक्षण सहित सरकारी सेवाओं में भी अवसर मिल रहे हैं।

### संगम भवन, पम्प हाउस निर्माण, इनटेक वेल एवं अन्य प्रयोजन के लिए भूमि आवंटित

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने जल संसाधन खण्ड बारां अधीक्षण अभियंता व जल संसाधन उपखण्ड शाहबाद सहायक अभियंता द्वारा ग्राम बमनगंवा में जल उपयोगिता संगम भवन निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, इनटेक वेल एवं अन्य प्रयोजन के लिए भूमि आवंटन की मांग पर उपखण्ड अधिकारी व तहसील शाहबाद की अनुशंसा पर ग्राम बमनगंवा पटवार मण्डल बमनगवां तहसील शाहबाद की अराजी खसरा नंबर 996 रकबा 14.07 बीघा किस्म बंजड़ में से 9.00 बीघा भूमि जल उपयोगिता संगम भवन निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, इनटेक वेल एवं सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए निशुल्क आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है।

# जिला कलक टर के निर्देश पर देईखेड़ा में सालभर पुरानी जलभराव की समस्या का हुआ समाधान



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** मेगा हाईवे पर स्थित देईखेड़ा ग्राम पंचायत के करीब 100 परिवारों को कीचड़ भरे रास्?ते से मुक्ति मिल गई है। जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव के निर्देशों के बाद रिडकोर कंपनी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहल्ले की सालभर पुरानी जलभराव की समस्या का समाधान कर दिया है। रिडकोर द्वारा क्षतिग्रस्त नाले की सफाई करवाकर पानी की निकासी सुचारू कर दी गई है। गौरतलब है कि मेगा हाईवे पर ड्रेनेज निर्माण कार्य के दौरान रिडकोर कंपनी की लापरवाही से बस्ती से पानी निकासी वाले क्रॉसिंग नाले को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इसके चलते पिछले लगभग एक साल से मोहल्ले में पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई थी और गंदा पानी मोहल्ले में भरा रहने लगा और कई घरों तक पहुंच गया। मजबूरी में ग्रामीणों को कीचड़ भरे गंदे पानी से होकर ही गुजरना पड़ रहा था।

समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों और ग्राम पंचायत ने कई बार संबंधित अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से शिकायत दी, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा था। इसके बाद मामला जिला कलक्टर के संज्ञान में लाया गया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए रिडकोर कंपनी के अधिकारियों को कार्रवाई के कड़े निर्देश दिए। इसके बाद रिडकोर कंपनी तुरंत हरकत में आई और मानसून की बारिश शुरू होने से ठीक पहले कंपनी ने मौके पर पहुंचकर नाले की पूरी तरह से सफाई करवाई और जल निकासी शुरू करवाई। बरसात से पूर्व इस जलभराव की मुसीबत से छुटकारा मिलने पर मोहल्लेवासियों और ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन का आभार जताया है।

### रखरखाव कार्य के चलते गुरुवार को तीन घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**नाहरगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** नाहरगढ़ कस्बे में गुरुवार को 33/11 केवी जीएसएस से जुड़े उपभोक्ताओं को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। रखरखाव और मरम्मत कार्य के कारण नाहरगढ़ कस्बा, वाटर बॉक्स, बालापुरा, लकड़ाई, गीगचा एवं बादीपुरा फीडर से जुड़े गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कनिष्ठ अभियंता दिव्यांशु सिंह ने बताया कि विद्युत लाइन एवं उपकरणों के आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते निर्धारित समय तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग एवं आवश्यक कार्य पहले से निपटाने की अपील की है।

## भीषण गर्मी में राहत उपभोक्ता कल्याण समिति व अग्रवाल महिला मंडल ने 51 लीटर आमरस बांटा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भीषण गर्मी के बीच आमजन और यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से उपभोक्ता कल्याण समिति राजस्थान एवं मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शीतल आमरस का वितरण किया गया। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित इस सेवा कार्य में 51 लीटर आमरस नि:शुल्क वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के प्रदेशाध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू और मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता अग्रवाल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों और स्थानीय लोगों ने आमरस का लाभ लिया। प्रदेश महामंत्री जितेंद्र कुमार मारू ने बताया कि भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से यह सेवा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता कल्याण समिति पिछले 26 वर्षों से लगातार जनहित और सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है, जिसमें अग्रवाल महिला मंडल का भी सराहनीय सहयोग मिल रहा है। प्रदेश संगठन मंत्री पंकज हेमराजानी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में आदित्य चौधरी, समिति संरक्षक राजेंद्र कचौलिया, अल्पना कचौलिया, महिला प्रदेशाध्यक्ष संगीता अग्रवाल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल कुमार पारीक, युवा महिला प्रदेशाध्यक्ष निशा कंवर गौड़, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एडवोकेट सूर्यप्रकाश सरगरा, प्रदेश सहसचिव एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, अनुरेखा कुदाल, सुरेश कुदाल सहित मध्य जोन अग्रवाल महिला मंडल की निशा अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, रेणू अग्रवाल, मैना अग्रवाल, मोना अग्रवाल, रानू अग्रवाल, शिल्पा अग्रवाल और रितु निमोदिया सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एआईआर 13 लाख 90 हजार 116 रैंक वाले छात्र एवं 14 लाख 97 हजार 038 रैंक वाली छात्रा को मिला एनआईटी

**कोटा. (हुक्मनामा समाचार)।** आईआईटी-एनआईटी जोसा काउंसलिंग में दूसरे राउण्ड की रिपोर्टिंग 3 जुलाई तक देश की आईआईटी, एनआईटी समेत 134 संस्थानों की 67 हजार 323 सीटों के लिए जोसा काउंसलिंग चल रही है। स्टूडेंट्स दूसरे राउण्ड के सीट आवंटन के बाद ऑनलाइन रिपोर्टिंग 3 जुलाई शाम 5 बजे तक कर सकते हैं। स्टूडेंट्स जिनकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान अपलोड किए गए डॉक्यूमेंट्स में कमी पाई जाएगी, उन्हें 5 जुलाई शाम 5 बजे तक आई क्वेरी का रेस्पॉन्स देना होगा अन्यथा उनकी सीट निरस्त कर दी जाएगी। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार जोसा काउन्सलिंग के दूसरे राउंड के सीट आवंटन में जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से 13 लाख 90 हजार 116 रैंक वाले छात्र को ओपन केटेगरी में एनआईटी मिजोरम में होम स्टेट कोटे से केमिकल ब्रांच आवंटित मिली है। इसके साथ ही जेण्डर न्यूट्रल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 17 हजार 59 रही जोकि आईआईटी धनबाद की केमिकल साइंस पचवर्षीय ब्रांच की है। वही दूसरी ओर फीमेल पूल कोटे से सुपर न्यूमरेरी सीटें मिलाकर 14 लाख 97 हजार 38 रैंक वाली छात्रा को ओपन केटेगरी में एनआईटी मिजोरम में होम स्टेट कोटे से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ब्रांच मिली है साथ ही फीमेल पूल कोटे से आईआईटी की क्लोजिंग रैंक 27 हजार 712 रही जोकि जम्मू की मटेरियल साइंस इंजीनियरिंग ब्रांच की है।

### सेवा शिविरों में समस्याओं का त्वरित निस्तारण, जमीन का बंटवारा व पट्टों का हुआ वितरण

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित सेवा शिविरों में 22 विभागों के काउंटरों के माध्यम से आमजन को राहत दी गई। ग्राम पंचायत करनाहेड़ा शिविर में बबलू और रामस्वरूप मीणा का वर्षों पुराना पैतृक भूमि विवाद आपसी सहमति से मौके पर ही सुलझाया गया। वहीं, मूंडला बिसौती शिविर में हरनावदा निवासी धन्नालाल मीणा को उनके पैतृक आवास का पट्टा सौंपकर सरकारी ऋण का मार्ग प्रशस्त किया गया। इन शिविरों में पेंशन, पट्टा, प्रमाण पत्र और बिजली-पानी कनेक्शन जैसे लंबित मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। जिला प्रशासन के अनुसार आगामी शिविर 2 जुलाई को विभिन्न वार्डों और ग्राम पंचायतों के अटल सेवा केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे।

# गीता को ग्रामीण सेवा शिविर में मिला मकान का पट्टा, घर के मालिकाना हक से खिलीं खुशियाँ

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण सेवा शिविर में त्वरित कार्रवाई से मौके पर ही जारी हुआ पट्टा, लाभार्थी ने सरकार का जताया आभारपंचायत समिति पीसांगन की ग्राम पंचायत बुधवाड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 एक परिवार के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। शिविर के दौरान ग्राम बुधवाड़ा निवासी गीता एवं झमटल जाति तेली को उनके मकान का वैध पट्टा जारी किया गया, जिससे उन्हें अपने घर का आधिकारिक मालिकाना हक मिल गया।गीता ने शिविर के समस्या निस्तारण काउंटर पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पट्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। पंचायती राज विभाग एवं ग्राम पंचायत की टीम ने आवेदन की प्रशासनिक और तकनीकी जांच तत्काल पूरी कर नियमानुसार मौके पर ही पट्टा जारी कर लाभार्थी को सौंप दिया।बिना किसी दफ्तर के चक्कर लगाए एक ही स्थान पर पट्टा मिलने से लाभार्थी के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। गीता ने ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से मिली त्वरित राहत के लिए ग्राम पंचायत प्रशासन, राजस्थान सरकार तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रहे हैं। फोटो कैप्शन- ग्राम पंचायत बुधवाड़ा के ग्रामीण सेवा शिविर में लाभार्थी गीता को मकान का पट्टा सौंपते अधिकारी।

# ओमप्रकाश जैन को मिला घर का पट्टा राज्य सरकार का जताया आभार



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए आयोजित शहरी सेवा शिविर 2026% शहरी निवासियों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से बरसों से पट्टे की राह देख रहे लोगों को अब उनके अपने घर का मालिकाना हक बिना किसी परेशानी के मिल रहा है।इसी कड़ी में देई निवासी ओमप्रकाश जैन पुत्र महावीर जैन को भी शिविर का लाभ मिला है। शिविर लाभार्थी ओमप्रकाश जैन ने बताया कि नगरपालिका द्वारा किए जा रहे व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से उन्हें शहरी सेवा शिविर 2026 की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने धारा 69-ए के तहत पट्टा प्राप्त करने के लिए नगरपालिका में अपना आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उनकी प्रक्रिया बेहद सुगम रही और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।फोन पर मिली सूचना, हाथों में आया पट्टा राज्य सरकार के अभियान की सराहना करते हुए ओमप्रकाश ने बताया कि शिविर में उनके आवेदन का निस्तारण करते हुए पट्टा जारी कर दिया गया। उन्हें दूरभाष पर इसकी सूचना दी गई और तत्पश्चात पट्टा वितरित किया गया। अपने घर का वैध दस्तावेज प्राप्त करने के बाद ओमप्रकाश जैन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री और राज्य सरकार का आभार जताया। शहरी सेवा शिविरों को लेकर राज्?य सरकार के इस कदम की चौतरफा सराहना की जा रही हैं।

## जनगणना में उत्कृष्ट कार्य पर कमलेश शर्मा को जिला कलक्टर ने किया सम्मानित



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जनगणना -2027 के तहत मकान सूचीकरण कार्य के लिए जनगणना निदेशालय द्वारा लगाए गए जिला समन्वयक कमलेश शर्मा को 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर जिला कलक्टर अवधेश मीना द्वारा सम्मानित किया गया। कमलेश शर्मा को जनगणना- 2027 के तहत जिले में मकान सूचीकरण एवं भवन गणना कार्य में समयबद्ध रूप से गुणवत्तापूर्ण एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर 20वें राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर अवधेश मीना ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर जिला सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कमलेश शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विकसित भारत जी राम जी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन आज

**बारां (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राज्य के सभी राज्यों में ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के स्थान पर विकसित भारत-गारंटी फोर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वी बी जी राम जी) योजना को प्रारम्भ किया जा रहा है। योजना के राष्ट्रीय शुभारंभ के अवसर पर 2 जुलाई को प्रात: 10 बजे जिले में सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों व जिला स्तर पर समारोह आयोजित करते हुए शुभारम्भ कार्यक्रम किये जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम पंचायत कोयला, पंचायत समिति बारां में कंकाली माता परिसर में वृक्ष कुंज कार्य स्थल पर आयोजित किया जाएगा।

### सहकार सप्ताह के तहत कृषक सम्मान समारोह आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान और पदाधिकारी सम्मानित

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सहकार सप्ताह के तहत बुधवार को सहकार भवन में कृषक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, ग्राम सेवा सहकारी समितियों (जीएसएस) के अध्यक्षों और व्यवस्थापकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मरायता पैक्स अध्यक्ष मोतीलाल नगर, सोजपुर अध्यक्ष हेमंत सिंह, व्यवस्थापक प्रमोद पाटीदार, उत्तम जैन और प्रगतिशील किसान बालमुकुंद पाटीदार शामिल रहे। समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि किसानों की समृद्धि ही जिले के विकास की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के प्रयासों से करीब दो वर्ष पूर्व चुनौतीपूर्ण वित्तीय स्थिति से गुजर रहा झालावाड़ केंद्रीय सहकारी बैंक आज ऋण मुक्त होकर प्रदेश के सहकारी बैंकों में प्रथम स्थान पर पहुंच चुका है। इसके अलावा, सरस डेयरी के प्रबंधन में सुधार से पशुपालकों को दुग्ध भुगतान कम समय में मिल रहा है।

### गौरव पथ पर सूखी झाड़ियों में अचानक भड़की आग, कुछ ही देर में अपने आप शांत हुई लपटें, टला बड़ा हादसा

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के गौरव पथ रोड पर उस समय एक अजीबोगरीब स्थिति देखने को मिली, जब सड़क किनारे उगी सूखी कंटीली झाड़ियों में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से आगे बढ़ीं और दूर तक फैल गईं, जिससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। लेकिन सबसे राहत और अचरज की बात यह रही कि बिना किसी बाहरी सहायता या दमकल की मदद के, कुछ ही समय में यह आग अपने आप ही बुझ गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद लपटें तेजी से आगे तो बढ़ीं, लेकिन आगे झाड़ियों का घनत्व कम होने या हवा का रुख बदलने के कारण आग को आगे फैलने का माध्यम नहीं मिला। इसके चलते बिना किसी इंसानी प्रयास या पानी की बौछारों के, आग ने खुद-ब-खुद दम तोड़ दिया।चूंकि आग कुछ ही मिनटों में अपने आप शांत हो गई, इसलिए व्यस्त मार्ग होने के बावजूद इसकी चपेट में कोई वाहन या दुकान नहीं आई। इस पूरे घटनाक्रम में किसी भी प्रकार की जनहानि या बड़ी दुर्घटना घटित नहीं हुई और एक बड़ा संकट बिना किसी नुकसान के टल गया।

### सलूंबर: समान नागरिक संहिता पर जनसुनवाई 13-14 जुलाई को, 10 तक दे सकेंगे सुझाव

**सलूंबर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर गृह विभाग के निर्देश पर आमजन और संगठनों से सुझाव मांगने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि इच्छुक नागरिक 10 जुलाई 2026 तक अपने लिखित सुझाव समिति को सौंप सकते हैं। इसके बाद 13 और 14 जुलाई को जिला मुख्यालय पर विशेष जनसुनवाई होगी। दोनों दिन सुबह 10 बजे से धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संगठनों और दोपहर 2 बजे से आम नागरिकों से सीधे सुझाव लिए जाएंगे। लोग यूसीसी समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन भी राय दर्ज करा सकते हैं।

# नाहरगढ़ क्षेत्र में किसानों के ट्यूबवेलों पर चोरों का धावा, एक दर्जन से अधिक खेतों से तांबे की केबल चोरी

## सैकड़ों फीट केबल काट ले गए बदमाश, कई किसानों की मोटर ट्यूबवेल में गिरी; पुलिस ने शुरू की जांच



**नाहरगढ़,( हुक्मनामा समाचार )।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रामबिलास और खल्दा में रविवार रात एवं सोमवार को अज्ञात चोरों ने किसानों के ट्यूबवेलों को निशाना बनाते हुए करीब एक दर्जन से अधिक खेतों से ट्यूबवेल की विद्युत सप्लाई केबल चोरी कर ली। घटना में किसानों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। तांबे की केबल काटने के दौरान कई ट्यूबवेलों की मोटर भी ट्यूबवेल में गिर गई, जिससे सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। पीड़ित किसानों के अनुसार चोर सैकड़ों फीट तांबे की विद्युत केबल काटकर ले गए। चोरी की वारदात का पता सोमवार सुबह खेतों पर पहुंचने पर चला। घटना के बाद क्षेत्र के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों का कहना है कि फसल की सिंचाई का समय होने के कारण अब उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। रामबिलास निवासी किसान छैलबिहारी पुत्र नाहरसिंह, गोपीचंद पुत्र मोतीराम, आशाराम पुत्र मूलचंद, बजरंगलाल पुत्र रामचंद्र तथा खल्दा निवासी जोधराज, राधेश्याम, हेमराज पुत्र बद्रीलाल, कैलाश पुत्र बलराम और चतुर्भुज पुत्र जमनालाल सहित अन्य किसानों ने नाहरगढ़ थाने पहुंचकर अज्ञात लोगों के खिलाफ तांबे की केबल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थानाधिकारी कमल सिंह ने बताया कि किसानों के परिवाद के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस घटनास्थलों का निरीक्षण कर चोरों की तलाश में जुटी हुई है। वहीं किसानों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की

## विवेकानंद नगर में दो दिन पेयजल बाधित

**कोटा।** कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा हस्तान्तरित 16 कॉलोनियों में विवेकानंद नगर स्थित पम्प हाउस, पाईप लाईनों एवं स्वच्छ जलाशय की मरम्मत के लिए 2 जुलाई, गुरुवार को प्रात: 10 से रात्रि 10 बजे तक जलापूर्ति विवेकानंद नगर में प्रभावित रहेगी। सहायक अभियंता पीएचईडी वितरण उपखंड प्रथम ने बताया कि 3 जुलाई, शुक्रवार को प्रात: की सप्लाई भी संभव नहीं हो सकेगी।


**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राजस्थान**

क्रमांक: न.पा.बि./निर्माण स्वी./2026/1589 दिनांक : 29.06.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाईल नं. | आवेदक का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 54 | कालूराम काबरा पुत्र रामराय काबरा | गांधीनगर आवासीय योजना ब्लॉक नं. ए भू.सं. ए-145 | 178.36 Sq.MTR | आवासीय |
| 55. | अमन काबरा पुत्र कालूराम काबरा | गांधीनगर आवासीय योजना भू.सं. ए-146 | 178.36 Sq.MTR | आवासीय |
| 56 | हर्षित काबरा पुत्र कालूराम काबरा | गांधी नगर आवासीय योजना भू.सं. ए-147 | 178.36 Sq.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर



**कार्यालय ग्राम पंचायत-पण्डेर**
**पंचायत समिति-जहाजपुर, जिला-भीलवाड़ा**

क्रमांक:-ग्रा.पं.पण्डेर/निविदा/2026-27/55 दिनांक: 29.06.2026

**ऑनलाईन ई-निविदा सूचना ( 20256-27/10 )**

ग्राम पंचायत पण्डेर स्तर पर निम्न ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभिन्न योजनाओं के विकास कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी के राजकीय विभागों में पंजीकृत संवेदकों से सर्कम निविदा हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 09.07.2026 सायं 6.00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc. rajasthan.gov.in पोर्टल पर भी देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | राशि (लाखों में) | UBN CODE | E-PROC ID |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अटल ज्ञान केन्द्र पण्डेर | 8.00 | ZBL2627 A0466 | 2026_PRD_ 572234_1 |

उक्त निविदा के प्रपत्र मय धरोहर राशि 10.07.2026 को प्रात: 11.00 बजे तक जमा किए जाकर उसी दिन दोपहर 12.15 बजे से खोली जायेगी।

प्रशासक
ग्राम पंचायत, पण्डेर
पं.स. जहाजपुर ( भीलवाड़ा )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत, पण्डेर
पं.स. जहाजपुर ( भीलवाड़ा )


## वीसी के माध्यम से पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**पिड़ावा,( हुक्मनामा समाचार )।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को ग्राम पंचायत कोटड़ी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान झालावाड़ जिले से करीब 52 परिवेदनाएं प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व, जल संसाधन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय, विद्युत, रसद, शिक्षा तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं मांगें शामिल रहीं। मंत्री ने विभागवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

## हरियालो राजस्थान अभियान कोटा में रोपे जाएंगे 31 लाख पौधे

**कोटा,( हुक्मनामा समाचार )।** जिला कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। कलक्टर ने मानसून की वर्षा शुरू होते ही जिले में आवंटित 31 लाख पौधारोपण के लक्ष्य को हासिल करने और पौधों की समुचित देखभाल के निर्देश दिए। अभियान के तहत सभी विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त होंगे। शिक्षा विभाग स्कूलों में और माइंस संगठन खनन क्षेत्रों में हरित पट्टी विकसित करेंगे। स्थान की कमी वाले संगठनों के लिए सकतपुरा व जगपुरा में भूमि आरक्षित की गई है। पौधों की सुरक्षा के लिए इस बार रोपण के बाद अक्टूबर-नवंबर में री-जियो टैगिंग भी की जाएगी।

## तहसीलदार के खिलाफ अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू

**रियांबड़ी,( हुक्मनामा समाचार )।** तहसीलदार अशोक कुमार मेघवाल के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर रियांबड़ी उपखण्ड मुख्यालय के अधिवक्ताओं ने बुधवार 1 जुलाई से न्यायालय कार्य का अनिश्चितकालीन बहिष्कार शुरू कर दिया। अधिवक्ताओं ने उपखण्ड अधिकारी रियांबड़ी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर तहसीलदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व में भी अधिवक्ताओं की ओर से तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मांग रखी गई थी, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं होने से अधिवक्ताओं ने न्यायालय कार्य से दूरी बनाने का निर्णय लिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक राज्य सरकार की ओर से तहसीलदार के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें एपीओ कर यहां से नहीं हटाया जाता, तब तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि जिला बार मेड़ता के अधिवक्ताओं का भी इस आंदोलन में सहयोग रहेगा। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है।

## यूनिवर्सल ब्रदरहुड माह में फ्रेंडशिप लॉज नं. 47 ने सेवा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** यूनिवर्सल ब्रदरहुड माह के अवसर पर फ्रेंडशिप लॉज नं. 47, अजमेर द्वारा पूरे जून माह में स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, भाईचारे एवं समाज सेवा को समर्पित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। गजेन्द्र पंचोली एवं जय के. करणा ने बताया कि माह के दौरान आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 42 मरीजों तथा नि:शुल्क दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 46 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। इस प्रकार कुल 88 मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं। इस दौरान वॉकाथॉन, 15 फलदार एवं छायादार पौधों का पौधारोपण तथा फैमिली गेट-टुगेदर एवं फ्रेटरनल डिनर का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रदर्स एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर भाईचारे एवं पारिवारिक एकता का संदेश दिया।

## चीन के नए राष्ट्रीय एकता कानून को मानवता वादी संगठनो ने चीन से वापिस लेने की मांग

**अजमेर,( हुक्मनामा समाचार )।** बौद्व मठठ,गौतम नगर,जन सेवा समिति की सर्वधर्म समिति, अखिल भारतीय जन कल्याण ट्रस्ट, ऑल इण्डिया कौमी एकता कमेटी, श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ, अजयमेरू सेवा समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर, श्री श्याम प्रेमी बाजार गंज, अजमेर एवं अन्य के प्रमुख पदाधिकारियों के द्वारा चीन सरकार के नए राष्ट्रीय एकता कानून की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए उसे वापिस लोने की मांग की हैं। सर्वधर्म के चो गियाल्तसेन और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ की सर्वधर्म समिति के संस्थापक व महासचिव रमेश लालवानी, बौद्व मठठ के अध्यक्ष गुणवन्त राहुल ,सचिव श्रीमती सोनी राहुल ने बताया है कि जो कानून एकता को बढ़ावा देने के बहाने जातीय अल्पसंख्यक समुदायों पर राज्य के नियंत्रण को और बढ़ाने के लिए बनाया गया प्रतीत होता है। विविधता की रक्षा करने के बजाय,यह कानून चीन के जातीय अल्पसंख्यकों की भाषाओं, संस्कृतियों, धर्मों और पहचान को दबाने का एक और जरिया बनने का जोखिम उठाता है। वर्षों से, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों, संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और स्वतंत्र शोधकर्ताओं की विश्वसनीय रिपोर्टों ने उइघुर, तिब्बती और अन्य समुदायों को प्रभावित करने वाली गंभीर मानवाधिकार चिंताओं का दस्तावेजीकरण किया गया है।


**कार्यालय नगर परिषद ब्यावर**

Tel No.: 01462-258665, 257509 Email : npbeawar@gmail.com

क्रमांक/69A/2026-27/3859 दिनांक : 01.07.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पतासी देवी पत्नी स्व. श्री लक्ष्मण सिंह पंवार निवासी भवानी कॉलोनी, फतेहपुरिया दोयम, ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद की सीमा में स्थित जयादाद खसरा नं. 334 फतेहपुरिया दोयम ब्यावर में आबादी में क्षेत्रफल 117.88 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा लेने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

अत: उपरोक्त को आवासीय पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त-नगर परिषद ब्यावर



**पर्यावरण स्वीकृति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की खनन पट्टा संख्या-54/2022 निकट ग्राम-गूंदली, तहसील अराई, जिला-अजमेर, खनिज-ग्रेनाइट & मेसनरी स्टोन, उत्पादन क्षमता-2,20,000 टीपीए, क्षेत्रफल-2.2023 हेक्टर, पट्टाधारी- मेसर्स आर.बी. ग्रेनिटो स्टोन, पर्यावरण स्वीकृति दिनांक 26/06/2026, क्रमांक-File No.RJ/25/SEAC2(06)/MIN/EC/0395, EC Identification No-EC24C0108RJ5972137N SEIAA (राजस्थान) द्वारा जारी की गयी है। अत: सूचित रहे।



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026-27/1765 दिनांक : 30.06.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती रेखा मेहता पत्नी श्री पवन मेहता | मिल चौक बिजयनगर प्लॉट नम्बर 04 का ब्लॉक नम्बर-162 | 13.01 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर



**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर, जिला ब्यावर राज.**

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड, बिजयनगर, टेलीफोन नम्बर -01462-230051, ईमेल-nnvllavnagar@gmail.com

क्रमांक: न.पा.बि./69-ए/2026/1803 दिनांक : 30.06.2026

**आपत्ति आमन्त्रित सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित आवेदक ने 69-ए के तहत पालिका को आवेदन प्रस्तुत किया है, जिन पर नियमानुसार कार्यवाही की जाकर पट्टे दिये जाएंगे। अत: इन भूखण्डों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों/प्रमाण के 7 दिवस की अवधि में कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर देंवे। समयावधि गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | मकान मालिक का नाम | मौहल्ले का नाम | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | 1. श्री जगदीशसिंह पुत्र श्री नन्दसिंह राजपूत 2. भवानी प्रतापसिंह पुत्र श्री नन्दसिंह राजपूत | राजनगर केकड़ी रोड, बिजयनगर | 220.63 वर्गमीटर |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, बिजयनगर



**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ ( अजमेर ) राज.**

क्रमांक: न.प.कि/नाम हस्तान्तरण/2026/246 दिनांक : 30.06.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या-417/2 में स्थित शांति नगर पर स्थित आवासीय भूखण्ड क्षेत्रफल 255.48 वर्गगज पर श्रीमती अनीता पत्नी श्री रतन आंचरा ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नासुार है।

**पूर्व में :** अन्य का मकान **पश्चिम में :** 25 फीट का रास्ता
**उत्तर में :** श्री कैलाश प्रजापत का मकान **दक्षिण में :** श्री रामचन्द्र वैष्णव का मकान

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी-नगर परिषद, किशनगढ़



**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ ( अजमेर ) राज.**

क्रमांक: न.प.कि/नाम हस्तान्तरण/2026/244 दिनांक : 30.06.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या-535 व 536 में स्थित श्री अग्रवाल कॉलोनी पर स्थित आवासीय ( भूखण्ड संख्या सी-21 क्षेत्रफल 241.77 वर्गगज) पर 1. श्री राकेश जामड़ पुत्र श्री नाथूसिंह जामड़, 2. श्रीमती रेखा जामड पत्नी श्री राकेश जामड ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नासुार है।

**पूर्व में :** 30 फीट चौड़ा रास्ता **पश्चिम में :** भूखण्ड संख्या -22
**उत्तर में :** 30 फीट चौड़ा रास्ता **दक्षिण में :** भूखण्ड संख्या-20

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी-नगर परिषद, किशनगढ़



**कार्यालय नगर परिषद किशनगढ़ ( अजमेर ) राज.**

क्रमांक: न.प.कि/नाम हस्तान्तरण/2026/248 दिनांक : 30.06.2026

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा संख्या-1385/1 में स्थित अक्षय विहार कॉलोनी पर स्थित आवासीय ( भूखण्ड संख्या-20 क्षेत्रफल 193.33 वर्गगज) पर श्रीमती रंजू जैन पत्नी श्री संजय गंगवाल ने आवेदन प्रस्तुत कर नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नासुार है।

**पूर्व में :** खसरा संख्या-1390 की भूमि **पश्चिम में :** रास्ता 30 फीट का
**उत्तर में :** भूखण्ड संख्या-21 **दक्षिण में :** भूखण्ड संख्या-19

अत: उक्त नाम हस्तान्तरण प्रकरण में किसी भी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

प्रभारी-नगर परिषद, किशनगढ़



राजस्थान सरकार
**कार्यालय नगर पालिका मसूदा (ब्यावर) राज.**

पता-गांधी चौक गढ़ के पास, मसूदा
Email : nagarpalikamasuda@gmail.com

क्रमांक:न.पा.म./भूमि/2025/865-867 दिनांक : 30.06.2026

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में आवेदक श्री कंचन देवी पत्नी जसवंतसिंह निवासी मसूदा द्वारा अपने पूर्व ग्राम पंचायत पट्टा मसूदा द्वारा जारी बुक संख्या/पट्टा क्रमांक 35/22 दिनांक 09.09.2024 के भूमि के पीछे की खांचा भूमि आवंटन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 15 योम में नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते समय उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती कंचन देवी पत्नी जसवंतसिंह | आबादी खसरा संख्या 3319 में स्थित है। | 65.05 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, मसूदा



**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा, जिला भीलवाड़ा ( राजस्थान )**

भीलवाड़ा रोड, रोडवेज बस स्टैण्ड के पास

E-mail ID-eombgbp@yahoo.in and npbgulabpura@gmail.com Teliphone No. 01483-223079

क्रमांक: न.पा.गु./कृषि भूमि/2026/23126794 **आपत्ति आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 30.06.2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विखण्डन/नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति नियमन के तहत निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपत्तिकर्ता मय अपने दस्तावेजों के इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अंतिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

| क्र. सं. | ऑनलाईन आवेदन क्रमांक व दिनांक | नाम आवेदक | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल ( वर्गगज ) | कॉलोनी व भूखण्ड के पड़ौस | फाईल का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 383306 22.06.2026 | श्रीमती ममताज बानू पत्नी श्री अल्लादीन | 29 | 25×40 | 111.11 | **मोतीनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा।** पूर्व-आम रास्ता 20 फीट स्थित। पश्चिम-भूखण्ड संख्या 20 स्थित। उत्तर-भूखण्ड संख्या 30 स्थित। दक्षिण-भूखण्ड संख्या 28 स्थित। | कृषि भूमि नियमन |
| 2. | 477 23.06.2026 | श्री नीरज लढ़ा पुत्र श्री महावीर लढ़ा | 13 | 25×50 | 138.88 | **आराजी नं. 920** पूर्व-भूखण्ड संख्या 12 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 14 स्थित उत्तर-आम रास्ता स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 06 स्थित | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 3. | 313 23.06.2026 | श्रीमती शहनाज बानू पत्नी श्री दाउद मोहम्मद | 166 | 25×50 | 138.88 | **चित्रकूट कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-आम रास्ता स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 183 स्थित उत्तर-आम रास्ता स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 167 स्थित | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 4. | 23 23.06.2026 | श्री अमजद हुसैन मंसूरी पुत्र श्री अमीरूदीन मंसूरी | 61 | 25×50 | 138.88 | **पंचरत्ना रेजीडेन्सी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या 62 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 60 स्थित उत्तर-आम रास्ता 30 फीट स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 68 स्थित | भवन निर्माण स्वीकृति |
| 5. | 191856 22.06.2026 | श्री अफजल हुसैन पुत्र श्री अजमद हुसैन | 57 | 25×50 | 138.88 | **राजीव कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या 56 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 58 स्थित उत्तर-आम रास्ता 30 फीट स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 40 स्थित | नामान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 6. | 193618 27.06.2026 | श्री इस्माईल मोहम्मद पुत्र श्री इब्राहिम | 03 | 30×46 | 153.33 | **हुरडा रोड, गुलाबपुरा** पूर्व-इसी भूखण्ड का हिससा स्थित पश्चिम-इसी भूखण्ड का हिस्सा स्थित उत्तर-अनय आराजी स्थित दक्षिण-आम रास्ता स्थित | नामान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 7. | 193615 27.06.2026 | श्रीमती रूकैया बानू पत्नी श्री मोहम्मद आरीफ | 52/18 का दक्षिणी भाग | 25×40 | 111.11 | **गोवर्धन नगर गुलाबपुरा** पूर्व-आम रास्ता स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 52/17 स्थित उत्तर-इसी भूखण्ड का शेष भाग स्थित दक्षिण-आम रास्ता स्थित | नामान्तरण |
| 8. | 193850 28.06.2026 | श्री राम यश मोदी पुत्र श्री रामेश्वर मोदी | 44 | 25×50 | 138.88 | **राजीव कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या 45 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 43 स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या 53 दक्षिण-आम रास्ता 30 फीट स्थित | नामान्तरण |
| 9. | 23 26.06.2026 | श्री आमिर खान पुत्र श्री उम्मेद खान | 12 | 30×48 | 160 | **आराजी नं. 110, 5070/110, 5059/100** पूर्व-भूखण्ड संख्या 13 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या 11 स्थित उत्तर-आम रास्ता 30 फीट दक्षिण-अन्य आराजी स्थित | नामान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 10. | 189736 17.06.2026 | श्रीमती धीरज कंवर पत्नी श्री भोपाल सिंह रानावत | ए-27 | 30×64 | 213.33 | **गणपति विहार कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या ए-26 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या ए-28 स्थित उत्तर-आम रास्ता 60 फीट चौड़ा दक्षिण-भूखण्ड संख्या ए-54 स्थित | नामान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 11. | 189754 18.06.2026 | श्री जयदीप सिंह राणावत पुत्र श्री भोपालसिंह राणावत | 17 | 25×40 | 111.11 | **वृन्दावन नगर, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या 08 स्थित पश्चिम-आम रास्ता स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या 16 स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 18 स्थित | नामान्तरण/ भवन निर्माण स्वीकृति |
| 12. | 191879 23.06.2026 | श्री शिवसिंह राठौड़ पुत्र श्री हरिसिंह राठौड़ | 01-ए -05 | 30×64 | 213.33 | **शिवचरण माथुर कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या 01-ए-05 स्थित पश्चिम-सड़क 30 फीट उत्तर-भूखण्ड संख्या 01-ए-04 स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 01-ए-06 स्थित | नामान्तरण |
| 13. | 191880 23.06.2026 | श्री शिवसिंह राठौड़ पुत्र श्री हरिसिंह राठौड़ | ए-74 | 40×60 | 266.66 | **न्यू कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-आम रास्ता 30 फीट स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या ए-67 स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या ए-75 स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या ए-73 स्थित | नामान्तरण |
| 14. | 191891 23.06.2026 | श्रीमती अमृत कंवर पत्नी श्री शिवसिंह राठौड़ | ए-151 | 40×60 | 266.66 | **न्यू कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-भूखण्ड संख्या ए-150 स्थित पश्चिम-भूखण्ड संख्या ए-152 स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या ए-133 स्थित दक्षिण-आम रास्ता 60 फीट स्थित | नामान्तरण |
| 15. | 18.06.2026 | श्रीमती उषा कंवर पत्नी श्री जितेन्द्रसिंह राजपूत | 49 का 1/2 भाग | 15×45 | 75 | **प्रतापनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-श्री माणक महाजन की जायदाद पश्चिम-प्लॉट नं. 59 का 1/2 हिस्सा उत्तर-आम रास्ता दक्षिण-पार्क स्थित | 69-क |
| 16. | 365922 10.06.2026 | श्री दरियाव सिंह पुत्र श्री शम्भूसिंह राठौड़ | 05 | 25×40 | 111.11 | **मोतीनगर कॉलोनी, गुलाबपुरा** पूर्व-आम रास्ता स्थित पश्चिम-गली आम स्थित उत्तर-भूखण्ड संख्या 06 स्थित दक्षिण-भूखण्ड संख्या 04 स्थित | कृषि भूमि नियमन |

अधिशाषी अधिकारी-नगरपालिका, गुलाबपुरा

# विकसित भारत- जी राम जी योजना के तहत जिले में 253 कार्यो के लिए 23 करोड़ 83 लाख 3 हजार रूपये स्वीकृत

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के तहत जिले में 30 जून (मंगलवार) तक 253 कार्यो के लिए 23 करोड़ 83 लाख 3 हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है। कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं अति. जिला कलक्टर (सिलिंग) रमेश देव ने बताया कि 30 जून (मंगलवार ) तक पंचायत समिति बूंदी की 26 ग्राम पंचायतों के 59 कार्यो के लिए 4 करोड़ 94 लाख 99 हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है। इसी प्रकार पंचायत समिति हिण्डोली की 27 ग्राम पंचायतों के 63 कार्यो के लिए 6 करोड़ 94 लाख 6 हजार रूपये, पंचायत समिति केशवराय पाटन की 15 ग्राम पंचायतों के 41 कार्यो के लिए 3 करोड़ 45 लाख 83 हजार रूपये, पंचायत समिति नैनवां की 28 ग्राम पंचायतों के 56 कार्यो के लिए 6 करोड़ 13 लाख एक हजार रूपये तथा पंचायत समिति तालेड़ा की 23 ग्राम पंचायतों के 34 कार्यो के लिए 2 करोड़ 35 लाख 14 हजार रूपये की वित्तीय स्वीकृतियां जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अब तक पंचायत समिति बूंदी की ग्राम पंचायत रामगंज में 8, खटकड़ में 7, दौलाड़ा में 6 कार्य स्वीकृत किये जा चुके है। इसी प्रकार आमली, लोईचा, रामनगर व भेरूपुरा औझा में 3-3 कार्य, बंबोरी, ख्यावदा, अजेता, गादेगाल, धनातरी, सिलोर, रायथल में 2-2 कार्य व रिहाणा, जावटीकलां, गुमानपुरा, भेरूपुरा बरड़, गरड़दा, नयागांव, नमाना, मंगाल, हट्टीपुरा, कालपुरिया, गुढानाथावतान् व अंथड़ा पंचायत में एक-एक कार्य स्वीकृत किये जा चुके है। पंचायत समिति हिण्डोली की ग्राम पंचायत सांवतगढ में 12 कार्य, पेच की बावड़ी में 7, पगारा में 6, रानीपुरा में 5 कार्यो सहित रोनीजा व रामचन्द्र जी का खेड़ा में 3-3 कार्य, भवानीपुरा, काछोला, थाना, उमर, अनंतगंज, टोकड़ा में 2-2 कार्य, ठिकरदा, सथूर, चतरगंज, छाबड़ियों का नयागांव, चेंता, बसोली, बड़ोदिया, सहसपुरिया, दबलाना, डाटूंदा, गुढा गोकुलपुरा, डाबेटा, विजयगढ, रोशंदा व तालाबगांव में एक-एक कार्य स्वीकृत किया जा चुका है। इसी प्रकार पंचायत समिति केशवराय पाटन की ग्राम पंचायत अरनेठा में 7 कार्य, जयस्थल में 5, बलकासा, बसवाड़ा व माधोराजपुरा में 4-4 कार्य, मायजा, सुनगर व माखिदा में 3-3 कार्य, बड़ाखेड़ा में 2 कार्यो सहित बोरदा काछियान, घाट का बराना, सारसला, रोटेदा, सखावदा व बलबन में एक-एक कार्य स्वीकृत किये जा चुके है। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति नैनवां की ग्राम पंचायत सिसोला में 7 कार्य, जजावर में 7, सुवानियां में 4 कार्यो सहित बामनगांव, डोडी, डोकून, सादेड़ा में 3-3 कार्य, रजलावता, कैथूदा, खानपुरा, मंरा, फुलेता व तलवास में 2-2 कार्यो सहित मोडसा, करवर, बालापुरा, बाछोला, पीपल्या, कोलाहेड़ा, आंतरदा, सहण, दुगारी, बांसी, समिधि, जेतपुर, खजुरी व माणी में एक-एक कार्य स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार पंचायत समिति तालेड़ा की ग्राम पंचायत अल्फानगर में 4 कार्य, देहित में 3, बुधपुरा, अकतासा, गणेशपुरा, खड़ीपुर, जमीतपुरा व बाजड़ में 2-2 कार्य तथा ग्राम पंचायत जाखमुण्ड, ठीकरिया चारणान, तीरथ, देलुंदा, डाबी, गोपालपुरा, धनेश्वर, गामछ, लाडपुरा, डोंरा, सींता, लक्ष्मीपुरा, सुवांसा, सुतंड़ा व रघुनाथपुरा में एक-एक कार्य की स्वीकृत जारी की जा चुकी है। ''जिला स्तर पर स्वीकृतियों के लिए प्राप्त कार्यो के प्रस्तावों की जांच उपरांत लगातार नियमानुसार वित्तीय स्वीकृति जारी करने का कार्य जारी है। विभाग के निर्देशानुसार सभी अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध करवाया जायेगा।''

## ग्रामीण सेवा शिविरों में उमड़ा जनसैलाब मौके पर मिली राहत और स्वीकृतियां



**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बिछीवाड़ा के मालमाथा और खेरवाड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों में ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। मालमाथा में राजस्व विभाग ने 58 प्रकरण निपटाए, 14 पट्टे, 2 पेंशन स्वीकृतियां और पशु बीमा पॉलिसियां दी गईं। वहीं खेरवाड़ा में 13 लाभार्थियों को आवासीय पट्टे वितरित कर मालिकाना हक दिया गया और पीएम आवास योजना के तहत स्न्ञ्चह्न जारी किए गए। शिविरों में उपखंड अधिकारी शाहीन अंजुम और सोनू कुमार गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीपीएल कंपनी की लापरवाही से टूटी मुख्य पेयजल पाइपलाइन, शहर में पानी का संकट; पीएचईडी देगा कानूनी नोटिस

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं दूरसंचार विभाग के अधीन केबल बिछाने का काम कर रही डीपीएल फर्म की बड़ी लापरवाही सामने आई है। कंपनी द्वारा बिना किसी पूर्व समन्वय और सावधानी के की जा रही अंधाधुंध खुदाई के कारण जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की मुख्य पेयजल पाइपलाइन गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है। पाइपलाइन टूटने से लाखों लीटर पानी व्यर्थ बह गया और क्षेत्र की जलापूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे स्थानीय बाशिंदों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।मिली जानकारी के अनुसार, डीपीएल फर्म द्वारा उपखण्ड डीडवाना के अधीन संचालित पेयजल योजनाओं के रूट पर केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा था। नियमानुसार किसी भी सरकारी सड़क या रूट पर खुदाई से पहले संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र और पाइपलाइन के एलाइनमेंट की जानकारी लेनी अनिवार्य होती है। लेकिन फर्म ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से कोई तालमेल नहीं बिठाया। जेसीबी से की गई इस लापरवाहीपूर्ण खुदाई के कारण विभाग की मुख्य लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।पाइपलाइन टूटने की वजह से क्षेत्र में पिछले कई घंटों से पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन 75 यूनिट रक्तदान

### छावनी परिषद के शिवराम ने 48 वी बार किया रक्तदान

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर रोटरी क्लब नसीराबाद ने डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित कर रोटरी वर्ष 2026-27 का शुभारंभ किया।

डिस्ट्रिक्ट 3053 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सी ए बृजमोहन अग्रवाल एवं असिस्टेंट गवर्नर सी ए नवनीत राठी के सानिध्य में रोटरी क्लब के अध्यक्ष डॉ. विनायक गौड़ व सचिव मुकेश मित्तल ने नए सत्र की शुरुआत की। प्रोजेक्ट चेयरमैन विजय मेहरा और राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 14 चिकित्सकों एवं 9 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। पूर्व अध्यक्ष मनीष झंवर के कार्यकाल में क्लब को मिले डिस्ट्रिक्ट एक्सीलेंट क्लब सम्मान का उल्लेख करते हुए अध्यक्ष डॉ. गौड़ ने इस



रोटरी वर्ष में सेवा एवं मानवता के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर में कल 90 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाएं जिनमें से 75 को रक्तदान हेतु उचित माना गया इस शिविर में छावनी परिषद के सीईओ शाकिब आलम के मार्ग दर्शन पर छावनी परिषद के अधिकारी गण और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान में अपना पूर्ण सहयोग दिया

## तीन पीढ़ियों को गढ़ने वाले शिक्षक को पूरे रायथलियास गांव ने दी ऐतिहासिक विदाई, सम्मान से छलक उठीं आंखें



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** कहा जाता है कि शिक्षक स्वयं जलकर समाज के भविष्य को रोशन करने वाला दीपक होता है। सहाड़ा तहसील के रायथलियास गांव में यह कहावत शारीरिक शिक्षक शांतिलाल पारिक के जीवन पर पूरी तरह चरितार्थ होती है। दशकों तक शिक्षा और संस्कार की अलख जगाने वाले इस समर्पित शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर गांव ने जिस आत्मीयता और सम्मान के साथ विदाई दी, वह गुरु-शिष्य परंपरा का प्रेरणादायक उदाहरण बन गई।

शांतिलाल पारिक ने अपने लंबे सेवाकाल में केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं दी, बल्कि तीन पीढ़ियों को संस्कार, अनुशासन और खेल भावना का पाठ पढ़ाया। वे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को अपना ध्येय मानते थे। छुट्टियों के दिनों में भी वे अपने गांव पोटलां से रायथलियास पहुंचकर बच्चों को वॉलीबॉल का प्रशिक्षण देते और उन्हें खेलों के माध्यम से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते थे। उनकी संवेदनशीलता और समर्पण का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को वे अपने निजी खर्च पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में लेकर जाते थे, ताकि संसाधनों की कमी उनके सपनों की राह में बाधा न बने। यही कारण रहा कि गांव के लोग उन्हें केवल शिक्षक नहीं, बल्कि अभिभावक और मार्गदर्शक के रूप में सम्मान देते हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर गांववासियों और उनके शिष्यों ने अपने प्रिय गुरु के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया। पूरे गांव के लिए सामूहिक भोज रखा गया तथा विशाल सम्मान यात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक विदाई में गांव का हर वर्ग शामिल हुआ। गुरु के प्रति सम्मान और प्रेम का ऐसा दृश्य देखकर अनेक लोगों की आंखें नम हो गईं।

## डॉक्टर्स डे पर विद्यार्थियों ने डॉक्टरों का किया सम्मान

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (डॉक्टर्स डे) के अवसर पर डीडवाना के कुचामन रोड स्थित पोल स्टार द स्कूल के बायोलॉजी साइंस संकाय के विद्यार्थियों ने स्थानीय राजकीय जिला बांगड़ चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सकों का सम्मान किया तथा उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।



इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अस्पताल के पीएमओ डॉ. अजीत सिंह शेखावत एवं डॉ. सुरेंद्र नेतड़ से मुलाकात कर उन्हें पौधा एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने चिकित्सकों के समर्पण, सेवा-भाव और मानवता के प्रति उनके योगदान की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।विद्यालय के निदेशक पंकज सैनी ने बताया कि डॉक्टर्स डे केवल एक औपचारिक दिवस नहीं, बल्कि समाज के उन समर्पित चिकित्सकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का अवसर है, जो दिन-रात मानव सेवा में निरंतर लगे रहते हैं। इस अवसर प्रिंसिपल शशि शेखावत ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों से जोड़ने का उद्देश्य उनमें सेवा, संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने भी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया तथा चिकित्सा सेवा के महत्व, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और जीवन में अनुशासन की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों ने भी डॉक्टरों के अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त की और उनके कार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से मोनिका सैनी, विक्रम सिंह का विशेष एवं सराहनीय सहयोग रहा।चिकित्सालय के प्रवीण कुमार सैनी, अमरीश माथुर, अशोक सोलंकी, राकेश सांखला, नसरुद्दीन, चन्द्र प्रताप सिंह सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा सभी ने चिकित्सकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए डॉक्टर्स डे को यादगार बनाया।

## पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने वीसी के माध्यम से की जनसुनवाई

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम पंचायत कोटड़ी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान जिले से करीब 52 परिवेदनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, जल संसाधन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, जलदाय, बिजली, रसद, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं मांगें शामिल थीं। प्राप्त परिवेदनाओं पर मंत्री दिलावर ने विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में प्रभावी कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा किसी भी परिवेदना को लंबित नहीं रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का समाधान केवल औपचारिकता न बनकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। आमजन को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर कार्य करें तथा प्रत्येक परिवेदना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। मंत्री दिलावर ने कहा कि जनसेवा ही शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रत्येक अधिकारी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन की सफलता तभी सार्थक होगी जब

## सीएचसी में दवाइयों की कमी से मरीज परेशान, बाहर से खरीदने को मजबूर



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुचेरा में इन दिनों मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। लेकिन अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों का कहना है कि उपचार के दौरान डॉक्टर द्वारा लिखी गई कई आवश्यक दवाइयां अस्पताल में उपलब्ध नहीं होतीं, जिसके कारण उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अस्पताल में लंबे समय से कई जरूरी दवाओं का अभाव बना हुआ है। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर पड़ रहा है, जो बाहर से दवाइयां खरीदने में असमर्थ हैं। ऐसे में उन्हें सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. नरेंद्र बाज्या ने बताया कि अस्पताल प्रशासन द्वारा समय-समय पर आवश्यक दवाइयों की मांग संबंधित विभाग को भेजी जाती है, लेकिन मांग के अनुरूप पूरी मात्रा में दवाइयां उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। उन्होंने कहा कि दवाइयों की कमी होने पर अन्य माध्यमों से आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है, ताकि मरीजों को अधिक से अधिक सुविधा मिल सके।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सेवा, समर्पण एवं संघर्ष का हुआ सम्मान

**उदयपुर,** 1 जुलाई। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर उदयपुर रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (यूआरडीए) द्वारा समारोह का आयोजन रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज के एनएलटी सभागार में किया गया। समारोह की थीम हीलिंग लीव्स, इंस्पायरिंग होप, सर्विंग ह्यूमैनिटी रही। कार्यक्रम में चिकित्सा सेवा, समर्पण, संघर्ष एवं मानवता के प्रति चिकित्सकों के अमूल्य योगदान का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईपीएस, पुलिस अधीक्षक, डॉ. अमृता दुहान, विशिष्ट अतिथि कुलगुरु, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, प्रो. (डॉ.) कैलाश डागा, तथा कुलगुरु, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, डॉ. प्रताप सिंह धाकड़ उपस्थित रहे।

### वन विभाग की लगातार तीन बड़ी कार्रवाइयाँ

# अवैध खनन में लिप्त 1 जेसीबी सहित 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, अवैध लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा, वन भूमि से अतिक्रमण हटाया

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** उप वन संरक्षक, बूंदी डॉ. ए.एन. गुप्ता के निर्देशन में वन अपराधों, अवैध खनन, अवैध लकड़ी परिवहन एवं वन भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध वन विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वन विभाग ने पिछले दो दिनों में तीन अलग-अलग महत्वपूर्ण कार्रवाइयाँ करते हुए अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया है। गत रात्रि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उप वन संरक्षक, बूंदी के निर्देशानुसार सहायक वन संरक्षक, नैनवा सुनील कुमार धाबाई ने अपने निजी वाहन से वनरक्षक चंदन सिंह, दयाराम गुर्जर, राजकुमार चंदेल एवं बहादुर सिंह हाड़ा के साथ रेंज हिंडोली के नाका बसोली अंतर्गत आबड़ गांव के समीप वनखंड ओवन क्षेत्र में दबिश दी। मौके पर आबड़ नदी से अवैध रूप से काली रेत का खनन किया जा रहा था। वन विभाग की टीम को देखकर मौके पर मौजूद व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गए। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में प्रयुक्त 01 जेसीबी मशीन एवं 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। पूर्व सूचना के अनुसार तैनात गश्ती दल, क्षेत्रीय वन अधिकारी (रेंजर) विक्रम हुण के नेतृत्व में मौके पर पहुँचा तथा जब्त वाहनों को बूंदी नर्सरी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया। प्रकरण में राजस्थान वन अधिनियम, 1953 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है तथा फरार आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार की देर रात्रि मुखबिर से अवैध लकड़ी परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर उप वन संरक्षक, बूंदी के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी, डाबी मनीष कुमार शर्मा के नेतृत्व में नाका प्रभारी विपिन कुमार शर्मा, वनरक्षक सतीश कुमार, राजेश चाहर एवं अन्य डाबी रेंज स्टाफ द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 स्थित धनेश्वर टोल प्लाजा पर नाकाबंदी की गई।

कार्रवाई के दौरान अवैध लकड़ी परिवहन में प्रयुक्त एक ट्रक को जब्त किया गया। साथ ही अवैध लकड़ी परिवहन में संलिप्त महबूब निवासी बालापुरा, थाना दबलाना को गिरफ्तार किया गया। जब्त ट्रक को राज तहवील हेतु रेंज कार्यालय डाबी में खड़ा कराया गया। प्रकरण में राजस्थान वन अधिनियम, 1953 के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है। साथ ही आज बूंदी रेंज के सथूर गेट नाका



स्थित वनखंड नया बाग में वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान मानकचंद सोनी पुत्र प्रहलाद सोनी द्वारा वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को क्षेत्रीय वन अधिकारी विक्रम हुण के नेतृत्व में बूंदी रेंज के वन स्टाफ, वन सुरक्षा स्टाफ तथा संबंधित पटवारी रुबीना की उपस्थिति में नियमानुसार हटाया गया। संपूर्ण कार्रवाई शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न हुई। इस कार्रवाई में वनरक्षक चंद्रप्रकाश, रमेश मीणा एवं चंदन सिंह तथा वन सुरक्षा रेंज के वनरक्षक निरमा, श्योजी लाल, रविंद्र, सौरभ, सुभाष, कविता, मती ममता, पिंटू जांगिड़, बाबू सिंह, संदीप सिंह एवं रघुवीर सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। उप वन संरक्षक, बूंदी डॉ. ए.एन. गुप्ता ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन अपराधों के विरुद्ध 卐जीरो टॉलरेंस卐 की नीति के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन, अवैध लकड़ी परिवहन, वन भूमि पर अतिक्रमण एवं अन्य वन अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध राजस्थान वन अधिनियम, 1953 एवं अन्य प्रासंगिक विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## ग्रामीण विकास विभाग अतिरिक्त आयुक्त ने किया कठार ग्राम पंचायत का निरीक्षण

**उदयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) बृजेश कुमार चांदोलिया ने बुधवार को बड़गांव पंचायत समिति की ग्राम पंचायत कठार का निरीक्षण कर स्वच्छ भारत मिशन सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गांव में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, विकास कार्यों एवं पंचायत अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त आयुक्त ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कठार का भी अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा परिसर में स्थित पिंक टॉयलेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने कठार ग्राम पंचायत के अमरचंदिया तालाब की पाल पर कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन किया।

### जेल से पहुंचे तीनों भाई रहे मौजूद

# डकैत जगन गुर्जर का पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ अंतिम संस्कार

**धौलपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** बाड़ी उपखंड क्षेत्र के भवूतीपुरा गांव में बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूर्व दस्यु जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार किया गया। दो दिन पहले अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में हुई हत्या के बाद आज सुबह उनका शव पैतृक गांव भवूतीपुरा पहुंचा। अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जेल में बंद तीनों भाइयों को पुलिस कस्टडी में लाया गया। पूरे गांव और श्मशान घाट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। मुखाग्नि बेटे आसाराम ने दी। सुबह करीब साढ़े सात बजे जगन का शव गांव पहुंच गया था। गांव में 9 थानों (सोने का गुर्जा, बाड़ी सदर, बाड़ी कोतवाली, बसई डांग, कंचनपुर, निहालगंज, धौलपुर सदर, राजाखेड़ा, मनिया) की पुलिस तैनात रहीं। एएसपी श्रवण कुमार और सीओ महेंद्र कुमार खुद चप्पे-चप्पे पर नजर रख रहे थे।

जगन गुर्जर का अंतिम संस्कार होने के बाद डकैत पप्पू गुर्जर लाल सिंह और मानसिंह तीनों भाई जेल के लिए रवाना हो गए। डकैत पप्पू गुर्जर को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर के लिए रवाना किया है। लाल सिंह और पान सिंह को धौलपुर जिला कारागार में भेजा गया। करीब दो दशक तक चंबल की वादियों में खौफ और आतंक का पर्याय रहा डकैत जगन गुर्जर का अध्याय समाप्त हो गया। हालांकि जगन की हत्या के बाद उसके भाई पप्पू गुर्जर और पुत्र आसाराम गुर्जर में भारी रोष



देखा जा रहा है। पप्पू गुर्जर ने कहा भाई जगन गुर्जर की हत्या के पीछे बड़ी साजिश रही है। जिस युवक पर हत्या के आरोप लग रहे हैं, वह जगन के कपड़े साफ करता था। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। ज्ञात हो कि कुख्यात डकैत जगन गुर्जर की अजमेर हाई सिक्योरिटी जेल में सोमवार को हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप भरतपुर के चर्चित गैंगस्टर कुलदीप जघीना हत्याकांड के आरोपी विष्णु जाट पर लगा है। विष्णु जाट और जगन गुर्जर एक की बैरक में थे। आरोप है कि विष्णु ने तौलिये से जगन गुर्जर का गला घोंटकर मार डाला। चंबल के बीहड़ों और भवुतीपुरा गांव की संवेदनशीलता को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अभूतपूर्व सुरक्षा इंतजाम किए थे। अंतिम संस्कार के दौरान पूरे इलाके में 500 से अधिक पुलिसकर्मियों और आरएसी की विशेष टुकड़ियों को तैनात किया गया था। किसी भी असामाजिक तत्व या संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने के लिए पूरे श्मशान घाट और चंबल किनारे के बीहड़ी रास्तों की ड्रोन कैमरों के जरिए एरियल निगरानी की जा रही थी।

## भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम संस्कार के लिए मिली पैरोल

जगन गुर्जर के परिवार की एक मुख्य मांग यह भी थी कि जेल में बंद उसके भाई पप्पू गुर्जर को अंतिम विदाई में शामिल होने का मौका दिया जाए। प्रशासन ने इस मांग को स्वीकार करते हुए पप्पू गुर्जर को विशेष पैरोल मंजूर की। पप्पू गुर्जर को कड़ी पुलिस कस्टडी के बीच उसके पैतृक गांव भवुतीपुरा लाया गया ताकि वह अपने भाई जगन गुर्जर के अंतिम संस्कार की रस्मों में शामिल हो सके। इस दौरान गांव में सुरक्षा व्यवस्था बेहद चाक-चौबंद रखी गई है। मृतक जगन गुर्जर का सभी परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किया गया। विशेष तौर से अलग-अलग जेलों में बंद जगन के तीन भाई भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। बता दें कि एक भाई पप्पू गुर्जर अजमेर जेल से धौलपुर, पजबकि दो अन्य भाई धौलपुर जेल से पहुंच।

### भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका

# स्टार्टअप प्रोत्साहन के लिए सरकारी खरीद प्रक्रिया में अनुभव तथा न्यूनतम टर्नओवर बाधाएं समाप्त : भजनलाल

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत - विकसित राजस्थान 2047 के विजन को साकार करने के लिए राज्य में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। ई-गवर्नेंस के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ी है, त्वरित सेवाओं से समय और लागत की बचत हो रही है। साथ ही, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन और नीतिगत निर्णयों में मदद भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को आरआईसी में 29वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन के बाद राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान केवल पर्यटन और विरासत का ही प्रदेश नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला राज्य बन रहा है। यहां 100 से अधिक विश्वविद्यालय, लगभग 4 हजार कॉलेज हैं। प्रतिवर्ष ढाई लाख से अधिक युवा कॉलेज की पढ़ाई पूरी कर रोजगार के लिए तैयार होते हैं, ये हमारी सबसे बड़ी




ताकत हैं। उन्होंने कहा कि आईस्टार्ट के माध्यम से प्रदेश में 8 हजार 700 से अधिक स्टार्टअप विकसित हुए हैं। जिनमें एक हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है तथा 48 हजार से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं। हमारा उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता से जोड़कर वैश्विक अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि एआई एक्सीलेंस सेंटर के माध्यम से उद्योग, स्टार्टअप, शिक्षण संस्थान तथा सरकार के बीच नवाचार आधारित साझेदारी को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसटीटी जीडीसी जैसी वैश्विक कंपनी ने जयपुर में एआई रेडी डेटा सेंटर स्थापित किया है। इसके साथ ही अनेक अग्रणी कंपनियां राजस्थान में निवेश कर रही हैं। राज्य को डेटा सेंटर क्षेत्र में 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें एसटीटी जीडीसी, एचजी एकाया, नायो बोल्ट तथा ज्टूडियम जैसी कंपनियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बिजली, भूमि उपलब्धता, सिंगल विंडो क्लियरेंस तथा उद्योग-अनुकूल नीतियों के माध्यम से राजस्थान को भारत का पसंदीदा एआई एवं डेटा सेंटर निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान एआई, डेटा सेंटर, जीसीसी, ड्रोन तथा जियो स्पेशियल क्षेत्रों में देश की सबसे प्रगतिशील नीतियों पर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीन एनर्जी की उपलब्धता, कम परिचालन लागत तथा पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल प्रशासन हमारी प्रमुख प्रतिस्पर्धात्मक शक्तियां हैं।

उन्होंने उद्यमियों से आह्वान किया कि वे राजस्थान को केवल निवेश का केंद्र नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, रोजगार सृजन और भविष्य की तकनीकों के विकास का साझेदार बनाएं। मुख्यमंत्री को राउण्ड टेबल वार्ता में उद्योग प्रतिनिधियों एवं विशेषज्ञों ने एआई, डेटा सेंटर, क्लाउड, क्वांटम कम्प्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा स्टार्टअप इको सिस्टम से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, शासन सचिव सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार रवि कुमार सुरपुर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के उच्चाधिकारी सहित टेक कंपनियों के उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासन सचिव, वित्त (राजस्व) ने किया राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा आमजन को त्वरित राहत प्रदान करने और लोक सेवाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ अंतिम छोर तक पहुँचाने के संकल्प के तहत शासन सचिव,वित्त (राजस्व) विभाग श्री कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क पोर्टल (181) का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर शासन सचिव ने आबकारी, पंजीयन एवं मुद्रांक तथा वाणिज्यिक कर विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा की और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार पाल गौतम ने राजस्थान संपर्क को सरकार तथा आमजन के बीच की कड़ी बताते हुए इसे एक सकारात्मक सुधार के अवसर के रूप में लेते हुए निर्देश दिए कि '181 पोर्टल' केवल शिकायत सुनने भर का माध्यम नहीं है, बल्कि यह आमजन के चेहरे पर मुस्कान लाने का जरिया है।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह

## मुख्य सचिव ने की 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत



**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बुधवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य में 1 जुलाई से आरंभ हुए 'प्रेरणा पखवाड़ा' के अंतर्गत राजस्थान विश्वविद्यालय के कन्वोकेशन सेंटर परिसर में किये वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में वी. श्रीनिवास ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गये योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके 'एक राष्ट्र- एक विधान' सिद्धांत तथा इस हेतु किये गये संघर्ष से अवगत कराया। मुख्य सचिव द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों को वृक्षारोपण तथा वृक्षों के संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। शान्ति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक अजय असवाल ने बताया कि 1 जुलाई के वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य सचिव महोदय की सिंगल कमांड पर लगभग 350 पौधे एक साथ लगाये गये। पूरे पखवाड़े चलने वाले विभागीय आयोजनों में आधुनिक भारत के शिल्पी, दूरदर्शी राष्ट्रवादी, शिक्षाविद, भारत की औद्योगिक और संस्थागत नींव को आकार देने वाले तथा एकीकृत भारत के पुरोधा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को वर्तमान पीढ़ी तक पहुँचाया जायेगा।

## विद्यार्थियों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसीएस ने दिए निर्देश

**जयपुर।** प्रारम्भिक शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री राजेश कुमार यादव ने बुधवार को शासन सचिवालय में राज्यभर के सरकारी विद्यालयों की सुरक्षा, आधारभूत सुविधाओं, नामांकन, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तथा जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की। अतिरिक्त मुख्य सचिव यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालय खुल चुके हैं। ऐसे में प्रत्येक जिले में जर्जर एवं असुरक्षित विद्यालय भवनों का पुन: सर्वे कराया जाए तथा विद्यार्थियों के बैठने की सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यदि किसी विद्यालय भवन में सुरक्षा संबंधी समस्या हो तो तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिस भवन में विद्यार्थियों को स्थानांतरित किया जाए, उसकी भी तकनीकी जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि आवश्यकता होने पर निकटवर्ती राजकीय विद्यालय अथवा अन्य सुरक्षित भवन का उपयोग किया जाए। यदि विद्यार्थियों को दूसरे विद्यालय में भेजना पड़े तो उनके लिए सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था की जाए, जिसका व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

### मुख्य सचिव ने सड़क सुरक्षा को लेकर हितधारक विभागों के साथ ली समीक्षा बैठक

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जवाबदेह होकर करें कार्य : मुख्य सचिव

**जयपुर, ( हुक्मनामा समाचार )।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में सड़क सुरक्षा परिदृश्य तथा हितधारक विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने तथा विभिन्न विभागों के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित कर परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सड़क सुरक्षा समिति उच्च स्तरीय समिति है। इसकी नियमित बैठकें होना अत्यंत आवश्यक है। इन बैठकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में नीति स्तर पर प्रभावी निर्णय लिए जाएं तथा उनके परिणाम धरातल पर परिलक्षित हों। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को केवल आंकड़ों तक सीमित न रखकर प्रत्येक दुर्घटना का विश्लेषण कर जवाबदेही तय की



जानी चाहिए। मुख्य सचिव ने दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर दौसा जिले में हुई बस दुर्घटना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि दुर्घटना के कारणों की सभी पहलुओं से जांच की जाए । उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को दुर्घटना की विस्तृत समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर द्वारा गठित संयुक्त जांच दल दुर्घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगा। जांच में बस में आग लगने के कारण, दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में एम्बुलेंस की उपलब्धता, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम सहित प्रत्येक बिंदु का परीक्षण किया जाए।

**आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश-**

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी सड़क दुर्घटना की स्थिति में एम्बुलेंस, पुलिस, अग्निशमन एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि दुर्घटना के बाद इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम की प्रभावशीलता का नियमित मूल्यांकन किया जाए तथा प्रत्येक दुर्घटना के उपरांत विस्तृत विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की जाए।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**जयपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को शासन सचिवालय स्थित पंचायती राज सभागार से प्रदेश की छह ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन विशेष जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अधिकारियों को संवेदनशीलता और तत्परता के साथ उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी भी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए




मंत्री दिलावर ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाई जाए। विशेष जनसुनवाई में कुल 121 परिवाद प्राप्त हुए। इनमें कोटा जिले की असकली ग्राम पंचायत से 13, अजमेर जिले की सांपला से 10, उदयपुर जिले की ओबराकला से 16, झालावाड़ जिले की कोटड़ी से 40, सीकर जिले की हथौरा ग्राम पंचायत से 27 तथा जालौर जिले की बांदनवाडी ग्राम पंचायत से 15 परिवाद शामिल रहे। झालावाड़ जिले की कोटड़ी ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं मिलने संबंधी 7 परिवाद प्राप्त हुए। इस पर मंत्री दिलावर ने जिला कलक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सभी लंबित भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। इसी ग्राम पंचायत की भगत बहन की पिछले छह माह से रुकी वृद्धावस्था पेंशन का मामला भी जनसुनवाई में सामने आया। मंत्री के निर्देश पर परिवादी का वार्षिक सत्यापन एवं आय घोषणा पत्र तैयार कर मौके पर ही पेंशन पुन: प्रारंभ कराई गई।



# कड़ी मेहनत और संघर्ष रंग लाया लाखेरी की बेटी भूमिका टांक ने चतुर्थ श्रेणी भर्ती की मेरिट सूची में बनाई जगह

**इन्द्रगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के लाखेरी मे आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों के बावजूद यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता जरूर मिलती है। इस बात को लाखेरी की होनहार बेटी भूमिका टांक ने सच साबित कर दिखाया है। उन्होंने अपनी



लगन, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और लाखेरी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भूमिका, संजय टांक एवं अर्चना टांक की पुत्री हैं। आर्थिक रूप से साधारण परिवार से होने के बावजूद उन्होंने कभी अपने सपनों से समझौता नहीं किया। पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए लगातार मेहनत की, जिसका परिणाम आज उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के रूप में सामने आया है। अपनी सफलता पर भूमिका ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन की शुरुआत है और आगे भी वे पूरी लगन से मेहनत कर बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करना चाहती हैं। सफलता की खुशी में व्याख्याता टिकम चन्द्र जैन भूमिका के निवास पहुंचे। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर भूमिका का सम्मान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर टिकम चन्द्र जैन ने कहा कि भूमिका की सफलता उन सभी युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं।

### क्षत्रिय सुनार पंचायत पिड़ावा की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन, मोहनलाल सोनी बने अध्यक्ष

**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** क्षत्रिय सुनार पंचायत पिड़ावा की बैठक मंगलवार को समाज के वरिष्ठजनों एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से नई कार्यकारिणी का चुनाव करते हुए आगामी दो वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया। बैठक में सर्वसम्मति से मोहनलाल सोनी को क्षत्रिय सुनार पंचायत पिड़ावा का अध्यक्ष चुना गया। निर्णय के अनुसार नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से 30 जून 2028 तक रहेगा।

### मौसमी बीमारियों पर सख्ती और टीबी उन्मूलन को तेजी, स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश




**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए बुधवार को आईएमए हॉल में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध और शत-प्रतिशत पूर्ति के निर्देश दिए। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने मानसून के मद्देनजर मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने अस्पतालों में दवाओं का पर्याप्त भंडारण, आरक्षित बेड, एंटी-लार्वल गतिविधियां तेज करने और हर रविवार को %सूखा दिवस% मनाने पर जोर दिया। जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत हाई-रिस्क 449 गांवों में शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग और एक्स-रे सुनिश्चित करने तथा निक्षय मित्रों का पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान आरोग्य योजना, टीकाकरण और आभा आईडी निर्माण सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों की भी समीक्षा की गई।

## लायंस क्लब भवानीमंडी रॉयल ने डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का किया सम्मान

**भवानी मंडी (हुक्मनामा समाचार)।** भवानीमंडी। लायंस क्लब भवानीमंडी रॉयल द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर राजकीय कमरुद्दीन चिकित्सालय, भवानीमंडी में कार्यरत सभी चिकित्सकों का सम्मान कर उनके उत्कृष्ट सेवा कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने चिकित्सकों को सम्मान-पत्र भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक मानवता के सच्चे सेवक हैं, जो अपने ज्ञान, समर्पण एवं सेवा भावना से




अनगिनत लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं। समाज के प्रति उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में ज़ोन चेयरमैन लायन कालू लाल सालेचा, क्लब अध्यक्ष लायन नरेन्द्र कुमार जैन, लायन पीयूष जैन, लायन चैन सिंह सिसोदिया, लायन दामोदर दयाल शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने सहभागिता कर सभी चिकित्सकों को डॉक्टर्स डे की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ तथा चिकित्सकों ने लायंस क्लब भवानीमंडी रॉयल द्वारा किए गए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्वामित्व योजना ने जगाई उम्मीद की किरण 60 साल पुराने मकान का मिला पट्टा



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम पंचायत खजूरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में हेमराज को सौंपा गया मालिकाना हक राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर किस तरह ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रहे है, इसकी बानगी ग्राम पंचायत खजूरी में देखने को मिली। बावड़ी के रहने वाले हेमराज के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित %ग्रामीण सेवा शिविर 2026% किसी वरदान से कम नहीं है। दशकों से अपने पुश्तैनी मकान के मालिकाना हक से वंचित हेमराज को अब %स्वामित्व योजना% के तहत उनके मकान का पट्टा सौंप दिया गया है, जिससे उनके परिवार में खुशी की लहर है। बावड़ी निवासी हेमराज, पुत्र सुखदेव नाथ, जिस मकान में निवास कर रहे हैं, वह 60 वर्षों पुराना है। परिवार की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें अचानक रुपयों की सख्त जरूरत आन पड़ी। संपत्ति के वैध कागजात न होने के कारण बैंक से ऋण मिलना संभव नहीं था। इस समस्या के समाधान की आस में उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत का दरवाजा खटखटाया। पंचायत में संपर्क करने पर ग्राम विकास अधिकारी ने हेमराज की समस्या को सुना और उन्हें %स्वामित्व योजना% के बारे में जागरूक किया। अधिकारी ने बताया कि वे इस योजना के अंतर्गत अपने पुश्तैनी मकान का पट्टा बनवाने हेतु आवेदन कर सकते हैं। सही मार्गदर्शन मिलने पर, हेमराज ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ लगभग दो माह पूर्व पट्टे के लिए विधिवत आवेदन कर दिया।इंतजार की घड़ियां ग्राम पंचायत खजूरी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में खत्म हो गई।

शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा हेमराज को ससम्मान बुलाकर उनके मकान के स्वामित्व का पट्टा प्रदान किया गया। वर्षों पुराने मकान का कानूनी हक हाथ में आते ही हेमराज और उनके परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## अवैध बजरी से भरी 2 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त, खनिज विभाग करेगा जांच

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान के तहत बड़लियास थाना पुलिस ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी कर अवैध बजरी से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। पहली कार्रवाई सुबह करीब 8 बजे थाना प्रभारी जसवंत सिंह के निर्देशन में एएसआई जेठमल द्वारा की गई, जहां नाहरगढ़ की ओर से आ रही एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया। दूसरी कार्रवाई में हेड कांस्टेबल जितेंद्र ने सूचना के



आधार पर आकोला और जीव का खेड़ा के बीच नाकाबंदी कर एक और बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस ने दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करवाकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए खनिज विभाग को सूचित कर दिया है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल संदीप, दिनेश, अशोक सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## छोटीखाटू में नर्सिंग ऑफिसर नवल को दी विदाई

**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के सेठ श्री हजारीमल भंवरलाल नवल राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर बन्नाराम नवल का सेवानिवृति समारोह कार्यक्रम आयोजित किया




गया। कार्यक्रम अतिथि उत्सव मूर्ति नर्सिंग ऑफिसर बन्नाराम नवल, डॉ नंदलाल लील, डॉ पवन कुमार उपाध्याय, डॉ इकबाल, रामाकिशन उपाध्याय मेड़ता सिटी, गणपतलाल नवल, डॉ अभिषेक शर्मा का राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय स्टाफ द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। सेवानिवृति उत्सव मूर्ति बन्नाराम नवल का चिकित्साल स्टाफ द्वारा माला, साफा व एसी भेंट कर सम्मान व स्वागत किया। डॉ नंदलाल लील ने कहा सेवानिवृति उत्सव मूर्ति बन्नाराम नवल ने 33 वर्ष की राजकीय सेवा से सेवानिवृति हुए और सेवानिवृति के दौरान अब समाज सेवा में अपना योग दान दे। इस अवसर पर उत्सव मूर्ति का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनोहर कंवर व उनकी टीम द्वारा भी उनका माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। श्री श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय के निदेशक मूलचंद जादम व सचिव गोपालराम गुर्जर ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर उत्सव मूर्ति बन्नाराम नवल सेवानिवृति होने के उपरान्त राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में एसी सेट भेंट की जिसकी लागत लगभग 50 हजार है। इस अवसर पर उत्सव मूर्ति व परिवारजनों का अतिथियों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर रावताराम नवल, चुन्नीलाल नवल, भंवरलाल, रामविलास, रामगोपाल सोनी, , विनोद टाक, कानाराम जादम, राजेश सक्सेना सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### बरसों पुरानी नाम की त्रुटि का मौके पर हुआ समाधान, शिविर में नानालाल को मिली राहत



**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरे हैं। इन शिविरों की सार्थकता का एक जीवंत उदाहरण चतरगंज ग्राम पंचायत में देखने को मिला, जहाँ वर्षों से नाम की त्रुटि के कारण सरकारी योजनाओं से वंचित रहे एक बुजुर्ग ग्रामीण को न केवल न्याय मिला, बल्कि मौके पर ही उनकी समस्या का स्थायी समाधान कर दिया गया। चतरगंज निवासी नानालाल पुत्र चंदा जाति गुर्जर, राजस्व अभिलेखों में नाम की त्रुटि को लेकर लंबे समय से परेशान थे। इस त्रुटि के कारण उन्हें पीएम सम्मान निधि, बैंक ऋण और भूमि संबंधी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में भारी कठिनाई आ रही थी। वर्षों की भागदौड़ के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था।चतरगंज ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में नानालाल ने अपनी समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन को गंभीरता से लेते हुए मौके पर मौजूद पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों ने तुरंत जांच शुरू की। उन्होंने भू राजस्व अधिनियम की धारा 136 के प्रावधानों के तहत जांच की और तत्काल अपनी रिपोर्ट तैयार कर शिविर प्रभारी को सौंप दी। शिविर में जांच के बाद तुरंत प्रभाव से नाम संशोधन के आदेश जारी कर दिए गए। बरसों पुरानी समस्या का मिनटों में समाधान होते ही ग्रामीण नानालाल के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि इस शिविर ने वर्षों के मेरे संघर्ष को समाप्त कर दिया है। समस्या का त्वरित निस्तारण होने पर लाभार्थी ने राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन और शिविर प्रभारी का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## दरगाह कनवास में सूफी बाबा अब्दुल गफूर शाह का 19वां उर्स 8 जुलाई को, पोस्टर का हुआ विमोचन

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक हजरत सूफी बाबा अब्दुल गफूर शाह साहब नक्शबंदी का 19वां उर्स 8 जुलाई को कनवास में गद्दीनशीन हाजी हाफिज सूफी अब्दुल हकीम (बाबा साहब) की सरपरस्ती में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में बाबा साहब के करकमलों द्वारा उर्स के पोस्टर का विमोचन किया



गया। उर्स के दौरान सभी धर्मों के जायरीनों के लिए शुद्ध शाकाहारी लंगर का विशेष आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम समिति के सदर अब्दुल आसिफ खान ने बताया कि उर्स की शुरुआत सुबह 11 बजे कुरआन ख्वानी और महफिल-ए-मिलाद से होगी। असर की नमाज के बाद फातिहा व लंगर होगा, जिसके बाद शाम 7 बजे जुलूस के रूप में चादर शरीफ पेश की जाएगी।

इस उर्स में हाड़ौती संभाग सहित इंदौर, मुंबई और भोपाल से बड़ी संख्या में सभी धर्मों के जायरीन शामिल होंगे। बाबा साहब का मुख्य संदेश साम्प्रदायिक सद्भाव, भाईचारा और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देकर समाज को सुदृढ़ बनाना है।

### माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन

**रियांबड़ी (हुक्मनामा समाचार)।** पुष्कर में महेश्वरी सेवा सदन मे बुधवार को श्रीमद् भागवत कथा आयोजन का शुभारंभ हुआ !कृष्णगोपाल राठी अजमेर द्वारा बताया गया कि कथा आयोजन यजमान राजेंद्र प्रसाद विष्णु प्रसाद तोतला गच्छीपुरा इचलकरंजी ने बताया कि हमें अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्ध संत गौवत्स श्री राधाकृष्णजी महाराज द्वाराश्रीमद् भागवत कथा अमृत श्रवण का परम सौभाग्य प्राप्त होगा।तीर्थगुरु पुष्कर में प्रात:काल महाराजजी के सानिध्य भव्य कलश - शोभायात्रा निकल गई, इसमें हजार हजारों श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित थे।मध्यानसमय भागवत कथा दौरान महाराज राधाकृष्णजी द्वारा कीर्तन भजनों पर श्रद्धालु भक्तजन झूम उठे, नाच कर गाकर आनंद प्राप्त किया। इसी प्रकार पुरुषोत्तम मास में श्री माहेश्वरी सेवा सदन पुष्कर में सापला निवासी कथा आयोजन नारायण मंत्री कोलकाता वाले द्वारा किया गया था । जिसमें भागवत कथाअमृत पान करने का सौभाग्य हजारों पुष्कर क्षेत्र वासियों को अंतर्राष्ट्रीय संतश्री अवधेश गिरी सापला वालों के मुखारविंद से कथा वाचन का लाभ प्राप्त हुआ ।

### शहरी सेवा शिविर में वार्ड 15 के नागरिकों को मिली विभिन्न सरकारी सेवाएं



**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** नगरपालिका कुचेरा के सभागार में बुधवार को वार्ड 15 के नागरिकों के लिए शहरी सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनसेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया तथा अपनी समस्याओं का समाधान कराया।नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी पुष्पेन्द्र पालड़िया ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत प्रदान करना है। शिविर में विभिन्न योजनाओं एवं प्रमाण-पत्रों से संबंधित कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर के दौरान 69 योजना के तहत 2 पट्टे वितरित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के तहत 2 प्रकरण स्वीकृत किए गए। इसके अलावा 1 विवाह पंजीयन तथा 7 जन्म प्रमाण-पत्र जारी कर लाभार्थियों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान नागरिकों को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।

### गकोटा में यमुना जल समझौते पर बोले भाजपा नेताः कांग्रेस ने दशकों तक तरसाया, भजनलाल सरकार ने दिलाई मरुधरा को सौगात



**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** ऐतिहासिक यमुना जल समझौते के बाद प्रदेश भर में उत्साह का माहौल है। कोटा पहुंचे भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस समझौते को राजस्थान के स्वर्णिम भविष्य की शुरुआत बताया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष छगन माहुर ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता मरुधरा की प्यास बुझाने में मील का पत्थर साबित होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राजस्थान और हरियाणा के बीच हुआ यह एमओए (स्न्न्न) शेखावाटी सहित पूरे प्रदेश के लिए जीवनदायिनी बनेगा। अब मानसून के दौरान हथिनीकुंड से आने वाला पानी 295 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन के जरिए झुंझुनू, सीकर और चूरू तक पहुंचेगा, जिससे न केवल पेयजल संकट खत्म होगा बल्कि भूजल स्तर में भी बड़ा सुधार आएगा।

## चंद घंटों में हुआ संपत्ति का हस्तांतरण, नागदी बाजार के मोहम्मद शाहिद को मिली राहत

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की ओर से आयोजित %शहरी सेवा शिविर 2026% आमजन के लिए एक नई उम्मीद की किरण बनकर उभरे हैं। शिविर में मोहम्मद शाहिद खान का लंबे समय से अटका हुआ काम बिना किसी परेशानी के चंद घंटों में ही पूरा हो गया। बूंदी शहर के नागदी बाजार के निवासी मोहम्मद शाहिद खान पिछले कुछ समय से अपनी संपत्ति के नाम हस्तांतरण के कार्य को लेकर प्रयासरत थे। आम तौर पर तकनीकी दस्तावेजीकरण और विभिन्न प्रशासनिक प्रक्रियाओं के कारण ऐसे कार्यों में काफी समय लगता है। शहरी सेवा शिविर में मोहम्मद शाहिद



अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुँचे, वहां मौजूद नगर परिषद की टीम ने उनके मामले को पूरी संवेदनशीलता के साथ लिया। कर्मचारियों ने फाइल को आगे बढ़ाने में उनकी पूरी मदद की, जिससे उन्हें किसी दफ्तर के चक्कर नहीं काटने पड़े।शिविर में संपत्ति हस्तांतरण से जुड़ी सभी औपचारिकताएं चंद घंटों में ही पूरी कर ली गईं। नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में मोहम्मद शाहिद खान को नागदी बाजार स्थित उनकी संपत्ति के नाम हस्तांतरण का आधिकारिक प्रमाण पत्र सौंप दिया गया।

शिविर में राहत मिलने के बाद मोहम्मद शाहिद खान ने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि शहरी सेवा शिविर 2026 में जिस तरह उनका काम महज कुछ समय में पूरा हो गया, वह काफी राहत देने वाला अनुभव है। शिविर में मिली राहत को लेकर मोहम्मद शाहिद खान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार का तहेदिल से आभार जताया।

# ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान मौके पर ही कई प्रकरणो का हुआ निस्तारण

**आलनियावास (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के सूचना केंद्र पर बुधवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान मौके पर ही कई प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सिविर की अध्यक्षता प्रशासक पुष्पादेवी शर्मा ने की शिविर प्रभारी नंदकिशोर टांक ने शिविर में होने वाले कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए आमजन को अत्यधिक लाभ उठाने की बात कही। वही इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा 25 नामांतरण 35 शुद्धी 131 के तीन प्रकरणो का निस्तारण। 13 नई पेंशन शुरू एवं मृतक लोगों की पेंशन बंद कि गई। 22 लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिले। विद्युत समस्या से जुड़ी कई शिकायतें मिली जिनका समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कई महिलाओं ने अपने खेतों में रास्ता नहीं होने व सरकारी जमीन पर लोगों के कब्जे होने के कारण खेत के लिए रास्ते की मांग की। चिकित्सा विभाग द्वारा श्रय रोगी को पोषण किट वितरण किए। बीसीएमएचओ डॉ राजेंद्र चौधरी ने गर्मी और मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी उपलब्ध करवाई। रामस्वरूप बिश्नोई के द्वारा जल जीवन मिशन स्क्रीम की अव्यवस्था को लेकर आपत्ति जताई। शिविर के दौरान समाजसेवी ब्रह्मदेव शर्मा



तहसीलदार अशोक कुमार नायब तहसीलदार रामचंद्र भंवरिया विकास अधिकारी भंवरलाल सिंघाडिया राजस्व निरीक्षक चेनाराम ग्राम विकास अधिकारी नोरतमल कृषि विभाग से रेनू चौधरी स्वच्छ भारत मिशन बीसी रामावतार चोयल देवेंद्रसिंह कंपाउंड एएनएम सनू माथुर संतोष बोहरा हलका पटवारी रामनिवास बोरानिया शंकर लाल वर्मा राजेंद्र कुमार जुगराज बावरी जितेंद्र गोड सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत सरकार ने विकसित भारत- जी राम जी योजना में श्रमिकों की बढ़ाई दैनिक मजदूरी, अब 281 रूपये के स्थान पर मिलेगी 300 रूपये प्रतिदिन अधिकतम श्रम राशि

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** भारत सरकार ने 30 जून को गजट नोटिफिकेशन जारी कर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण योजना के तहत अकुशल श्रम राशि में बढोतरी कर दी है।कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं अति. जिला कलक्टर (सिलिंग) रमेश देव ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम, 2025 (2025 का 36) की धारा 10 के तहत राजस्थान में अकुशल हस्त कर्मकारों के लिए प्रतिदिन मजदूरी दर को 281 रूपये से बढ़ाकर 300 रूपये कर दिया है। यह अधिसूचना 1 जुलाई 2026 से लागू कर दी गई हैं।

## भीलवाड़ा में तैलिक साहू महासभा का राष्ट्रीय महासम्मेलन, तैयारियां तेज; 20 हजार प्रतिनिधियों के जुटने की उम्मीद

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में प्रस्तावित अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं सामाजिक जागृति महासम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा ने आयोजन समिति का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं, जिससे आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष देवीलाल साहू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, कार्यक्रम के सफल संचालन और व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुभवी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। वरिष्ठ पत्रकार प्रहलाद दिया (बड़ी हरणी), जो महासभा के प्रदेश मीडिया प्रभारी भी हैं, को आयोजन समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं महासभा के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष देवराज तेली और विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों के साथ ही आयोजन की रूपरेखा तैयार करने, व्यवस्थाओं के समन्वय और कार्यक्रम को सफल बनाने की दिशा में कार्य शुरू कर दिया गया है। नियुक्ति पत्र में स्पष्ट किया गया है कि आयोजन समिति के पदाधिकारी वरिष्ठजनों, सामाजिक प्रतिनिधियों और स्थानीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम स्थल चयन, उपसमितियों का गठन, प्रशासनिक अनुमतियां, अतिथि स्वागत सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देंगे। साथ ही सभी महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश संगठन के मार्गदर्शन में लिए जाएंगे। महासभा के अनुसार, भीलवाड़ा में आयोजित होने वाला यह दो दिवसीय राष्ट्रीय महासम्मेलन समाज की एकता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक जागरूकता के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। कार्यक्रम में देशभर से महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि, सामाजिक जनप्रतिनिधि तथा करीब 20 हजार प्रबुद्धजन शामिल होंगे। साथ ही कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी भी प्रस्तावित है।

## एनएच-48 पर पुलिस का बड़ा प्रहार: 7 टन प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरा मिनी ट्रक पकड़ा, तस्कर गिरफ्तार

**बांदरसिन्दरी (हुक्मनामा समाचार)।** अवैध वन संपदा की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) अजमेर एवं पुलिस थाना बांदरसिन्दरी ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 7 टन प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरे एक मिनी ट्रक को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद वन विभाग ने लकड़ी एवं वाहन को अपने कब्जे में लेकर वन अधिनियम, 1953 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई पुलिस महानिरीक्षक, अजमेर रेंज के निर्देश तथा जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर हर्षवर्धन अग्रवाला (आईपीएस) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) लालचंद कायल एवं वृताधिकारी किशनगढ़ ग्रामीण आयुष वशिष्ठ के सुपरविजन में की गई। थाना प्रभारी दयाराम एवं जिला स्पेशल टीम प्रभारी शंकर सिंह रावत के नेतृत्व में गठित टीम ने इस सफलता को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजस्थान नंबर ऋछ्व-27 ञ्जष्ठ-0183 का एक मिनी ट्रक उदयपुर से हरियाणा के बावल चौक की ओर प्रतिबंधित खैर की लकड़ी लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही डीएसटी एवं बांदरसिन्दरी थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर बांदरसिन्दरी पुलिया के नीचे नाकाबंदी कर वाहन को रुकवाया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित खैर की लकड़ी भरी मिली। चालक ने अपना नाम रघुवीर सिंह पुत्र शंकर सिंह चुण्डावत (42), निवासी ओजाघर, थाना कारोई, जिला भीलवाड़ा बताया। पुलिस ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने लकड़ी एवं मिनी




ट्रक को जब्त कर प्रकरण संख्या 05/2026 दर्ज करते हुए वन अधिनियम, 1953 के तहत कार्रवाई प्रारंभ कर दी।

## राजस्थान गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत प्रतापगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)।** प्रतापगढ़ पुलिस ने राजस्थान गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1975 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आदतन अपराधियों को एक माह के लिए जिला बदर किया है। इनमें थाना धरियावद क्षेत्र के दो जिसमे जगदीश पिता लेहरू किर निवासी धरियावद बहमपुरी एवं रमेश पिता नाथू चौधरी धरियावद तथा थाना अरनोद क्षेत्र के एक अपराधी शंकर पिता भगवान लाल तेली को जिला प्रतापगढ़ की सीमा से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जौधा के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना धरियावद के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा एवं थाना अरनोद पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें जिला बदर कराया गया। पुलिस के अनुसार इन अपराधियों की गतिविधियों से क्षेत्र की शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सुनवाई के बाद सक्षम न्यायालय द्वारा तीनों को एक माह के लिए जिला प्रतापगढ़ से निष्कासित करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला बदरी अवधि के दौरान संबंधित अपराधी जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। प्रतापगढ़ पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत बड़ोदिया में जिला स्तरीय जन सम्मेलन कार्यक्रम आज

**बूंदी (हुक्मनामा समाचार)।** विकसित भारत-जी राम जी योजना के तहत गुरुवार को जिले की सभी ग्राम पंचायतों, पंचायत समिति व जिला स्तर पर जन सम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद एवं अति. जिला कलक्टर (सीलिंग) रमेश देव ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार 2 जुलाई गुरुवार को प्रात: 11 बजे से तिरुपति, आंध्र प्रदेश में माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्तर पर जन सम्मेलन शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जिले की पंचायत समिति हिण्डोली की ग्राम पंचायत बड़ोदिया में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। इस कार्यक्रम में जिले के सम्मानीय जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी, कार्मिकों सहित ग्रामीण भाग लेगें। कार्यक्रम के तहत राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया जावेगा। साथ ही आईईसी सामग्रियों के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी दी जावेगी। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई गुरुवार को अवकाश दिवस में श्रमिकों का नियोजन कर जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायत स्तर पर योजना का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। 2 जुलाई गुरुवार के स्थान पर 5 जुलाई रविवार को श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश पर रखा जावेगा।

## डीडवाना-कुचामन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: एक महीने के विशेष अभियान में 7,863 वाहन चालकों के खिलाफ सख्त एक्शन

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान (ढ्ढक्क) के निर्देशन में डीडवाना-कुचामन पुलिस ने जिले में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया है। राजस्थान पुलिस मुख्यालय, जयपुर के निर्देशानुसार बीते 04 जून 2026 से 30 जून 2026 तक चलाए गए इस विशेष यातायात अभियान के तहत पुलिस ने जिले भर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए कुल 7,863 वाहन चालकों के विरुद्ध कड़े कानूनी कदम उठाए हैं।इस वृहद अभियान को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीडवाना हिमांशु शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन विमल सिंह तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक परबतसर भूपेन्द्र शर्मा के सुपरविजन में जिले के समस्त वृत्ताधिकारियों व थानाधिकारियों की विशेष टीमें गठित की गई थीं। पुलिस की इस चौतरफा घेराबंदी से पूरे महीने नियम तोड़ने वाले चालकों में हड़कंप मचा रहा।अभियान के अंतिम दिन, यानी 30 जून की शाम को पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी घेराबंदी की। शाम 7 बजे से रात्रि 11 बजे तक पूरे जिले में विशेष नाकाबंदी कर मेगा हाईवे पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान स्वयं पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान ने डीडवाना से कुचामन मेगा हाईवे तक विभिन्न नाकों और चेकिंग पॉइंट्स का औचक निरीक्षण कर मुस्तैदी जांची और फील्ड में तैनात अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। अभियान के दौरान केवल सड़कों पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों के किनारे स्थित होटलों और ढाबों पर भी पुलिस टीमों द्वारा आकस्मिक चेकिंग की गई ताकि अवैध गतिविधियों व नियमों के उल्लंघन को पूरी तरह रोका जा सके।

# डीडवाना-कुचामन पुलिस का बड़ा एक्शन: 'विशेष एरिया डॉमिनेशन अभियान' में 95 अपराधी गिरफ्तार

### 60 पुलिस टीमों ने 428 स्थानों पर दी दबिश

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. प्यारेलाल शिवरान के निर्देशन मे पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ और कानून-व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए जिलेभर में दो दिवसीय विशेष एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया। 29 और 30 जून को चले इस महाभियान के दौरान पुलिस ने चौतरफा कार्रवाई करते हुए 95 अपराधियों और कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए गए इस अभियान के लिए पूरे जिले में 60 विशेष टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों में शामिल 225 पुलिस अधिकारियों व जवानों ने एक साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 428 संदिग्ध ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी। पुलिस की इस अचानक हुई कार्रवाई से अपराधियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया।अभियान के दौरान पुलिस ने 03 जघन्य प्रकरणों में वांछित चल रहे गंभीर अपराधियों को दबोचा। इसके अलावा लंबे समय से फरार चल रहे 11 स्थायी वारंटियों और 15



गिरफ्तारी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया। स्थायी वारंटियों में सर्वाधिक मकराना व जसवंतगढ़ से 3-3, डीडवाना से 2, तथा नांवा, मौलासर व पीलवा से 1-1 आरोपी पकड़ा गया। वहीं सामान्य प्रकरणों में वांछित 08 अन्य आरोपियों को भी जेल भेजा गया।पुलिस ने बदमाश प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसते हुए धारा 126/170 ब्ह्रस्स् के तहत 61 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही लोकल एवं स्पेशल एक्ट के तहत कुल 26 नए मामले दर्ज किए गए। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए परबतसर, निम्बी जोधा व मारोठ में 2-2 तथा डीडवाना, खुनखुना, बड़ी, मौलासर, गच्छीपुरा, चितवा, लाडनूं और नांवा में 1-1 मामला दर्ज किया गया।मारोठ में 2 तथा चितवा, जसवंतगढ़ व बड़ी में 1-1 मामला दर्ज हुआ।नांवा शहर में 03 और मारोठ में 01 कार्रवाई की गई।आरपीजीओ एक्ट के तहत डीडवाना थाने में 02 मामले और बाल श्रम अधिनियम के तहत 01 मामला दर्ज किया गया।

## निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण किया

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान रा'य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ मकराना ड्ढ प्रशिक्षण ड्ढेन्द्र हनुमान जी की ढाणी में एक सामाजिक संस्था ड्ढ द्वारा शौचालय निर्माण कार्य संपन्न हुआ।

सचिव स्थानीय संघ मकराना रामदेव पारीक ने बताया कि संघ ड्ढ सहायक जिला कमिश्नर एवं प्रधानाचार्य पी एम राजकीय उ'च माध्यमिक विद्यालय मकराना छोटूराम बाजडोलिया एवं गोपाल कुमार प्रधानाचार्य राउमावि बरवाली द्वारा कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि स्काउट गाइड संगठन में आवासीय शिविर आयोजित किए जाते हैं जिसमें स्काउट (बालक)व गाइड (बालिकाएं) दोनों भाग लेते हैं, अत: शौचालय निर्माण अति आवश्यक था। प्रधानाचार्य बाजडोलिया ने बताया कि शिक्षा ड्ढ स्तर को बढावा दिये जाने हेतु जिस प्रकार से सामाजिक संगठनों ड्ढ द्वारा सेवा ड्ढ कार्य करवाये जा रहे है उनसे विद्यार्थियों का विद्यालयो में ठहराव होगा और शिक्षा ड्ढ क्षेत्र में नवाचार भी होगें। साथ ही उन्होने विद्यालय ड्ढ विकास हेतु संस्था की ओर से किये गये सहयोग को लेकर आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्काउटर मुरली मनोहर मेघ, रोवर मोहम्मद इमरान, जुनेद अहमद एवं विशाल आदि निरीक्षण ड्ढ समय उपस्थित रहे।

## नागौर: महिला सांसद पर अभद्र टिप्पणी, आरोपी कांस्टेबल ने भाजपा कार्यकर्ता को दी नौकरी से हटवाने की चुनौती

**थांवला (हुक्मनामा समाचार)।** राजसमंद महिला सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ पर सोशल मीडिया के माध्यम से अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अजमेर रेंज आईजी (ढ्ढत्र) को लिखित शिकायत भेजी है। आरोपी शेराराम बावरी, अजमेर पुलिस लाइन में कांस्टेबल है और डेगाना की किरड़ ग्राम पंचायत की सरपंच वर्षा भाटी का पति है। मामले के अनुसार, कांस्टेबल शेराराम ने फेसबुक पर सांसद के खिलाफ विकास कार्य न कराने का आरोप लगाते हुए अभद्र टिप्पणी की थी। जब भाजपा कार्यकर्ता श्रवणनाथ जावला और शेरसिंह पंवार ने इसका विरोध कर शिकायत की, तो आरोपी ने फोन पर धमकी देते हुए चुनौती दी, फ्तुझमें और महिमा कुमारी में दम नहीं कि मुझे नौकरी से हटवा दे, मैं मेहनत से पुलिस में भर्ती हुआ हूँ। मामले में आरोपी कांस्टेबल का कहना है कि क्षेत्र में काम न होने के कारण उसने स्वतंत्र विचार व्यक्त किए हैं, जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं ने इसे पद और गरिमा पर प्रहार बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## मकराना लायंस क्लब मार्बल सिटी ने डॉक्टर्स और सीए डे पर किया 55 चिकित्सकों व 13 सीए का सम्मान

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** लायंस क्लब मकराना मार्बल सिटी द्वारा डॉक्टर्स डे और चार्टर्ड अकाउंटेंट (ष्ट) डे के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्लब ने नए लायन वर्ष 2026-27 का शुभारंभ गोसेवा के साथ किया। इसके बाद डॉक्टर्स डे पर सरकारी चिकित्सालयों सहित सीबीएम, सीकेएस, जिलोवा और जीवनरेखा जैसे निजी अस्पतालों के 55 चिकित्सकों का सम्मान किया गया। सीकेएस मकराना हॉस्पिटल में आयोजित मुख्य समारोह में सीईओ डॉ. हाजी मक्की गैसावत ने क्लब का आभार जताते हुए कहा कि समाज का यह सम्मान चिकित्सकों को और अधिक समर्पण व सेवाभाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में आदिल शाहिद और सरफराज खत्री भी मौजूद रहे। इसके साथ ही लायंस क्लब और महावीर इंटरनेशनल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सीए डे पर 13 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सर्टिफिकेट व मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया।

# मानवता की मिसाल: 21 गरीब परिवारों की झुग्गियों पर लगाए तिरपाल, बारिश से मिली राहत

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** बरसात के मौसम में जरूरतमंदों की पीड़ा को समझते हुए राजस्थान जन मंच ने मानव दया की एक सराहनीय पहल की है।

संगठन की जिला टीम ने 21 निर्धन परिवारों की जर्जर झुग्गी-झोपड़ियों की छतों पर तिरपाल लगाकर उन्हें बारिश से राहत दिलाई। यह सेवा कार्य भाजपा नेता एवं राजस्थान जन मंच के अध्यक्ष कैलाश सोनी के नेतृत्व में एफसीआई गोदाम के पास कच्चे मकानों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए किया गया। इन परिवारों की छतें टूटी-फूटी और बारिश में पूरी तरह टपकने लगी थीं, जिससे उनका जीवन बेहद कठिन हो गया था।

कैलाश सोनी ने बताया कि राजस्थान जन मंच हमेशा समाज के हर वर्ग के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून जहां एक ओर खुशियां लेकर आता है, वहीं झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले गरीब परिवारों के लिए यह मौसम परेशानियों से भरा होता है। खासकर छोटे बच्चे इस दौरान सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं और बारिश के साथ-साथ जीव-जंतुओं के काटने का खतरा भी बढ़ जाता है। इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संगठन ने यह विशेष अभियान शुरू किया, ताकि किसी भी गरीब परिवार की छत बारिश में टपके नहीं और उन्हें सुरक्षित आश्रय मिल सके। इस सेवा कार्य में जिला पदाधिकारी जय नारायण जोशी, शिवप्रकाश चन्नाल,




धनश्याम सिंघीवाल, रागिनी गुप्ता, सुभाष गोयल, रामचन्द्र मूंदड़ा, सौरभ काबरा और देवेंद्र गोयल सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहयोग दिया।

## बुटाटी धाम में 26 दिन बाद खुले दान पात्र, 5.26 लाख से अधिक की नकद राशि प्राप्त

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** चतुरदास जी महाराज मंदिर प्रांगण में रखे चतुरदास जी गौ सेवा समिति के दान पात्र 26 दिन बाद मंगलवार, 1 जुलाई 2026 को प्रशासन की निगरानी में खोले गए। दान राशि की गणना समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में की गई। गणना के दौरान दान पात्रों से ?5,26,680 (पांच लाख छब्बीस हजार छह सौ अस्सी रुपये) की नकद राशि प्राप्त हुई। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित सोना एवं चांदी को अलग से सुरक्षित रखा गया। दान पात्र खोलने की प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में संपन्न हुई, जिसमें पटवारी हरीश (बुटाटी) एवं कुचेरा पुलिस के एएसआई नेमीचंद उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इससे पहले 4 अप्रैल 2026 को पहली बार प्रशासन की मौजूदगी में दान पात्र खोले गए थे।